इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

छत्तीसगढ़ टाईल्स सेनेटरी एवं डोर हाउस



हमारे यहां ब्लेक स्टोन, सिरेमिक टाईल्स, विटी फाईड टाईल्स, सिनेटरी वियर, CP वियर, CPVC पाईप, UPVC यूपीवीसी पाईप, माइका डोर, लेमिनेशन डोर, सागोन डोर, वालपेपर, ग्रेनाईट एवं सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल की सामग्री उपलब्ध है।

स्थान- नंदई रोड वार्ड नं.-40, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. नं.- 99077-57733, 99074-83037

वर्ष- 44 अंक - 32 राजनांदगांव, बुधवार 18 दिसम्बर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# 'मोहब्बत दुकान से बेचने की चीज नहीं, दिल में बसाने का जज्बा है', राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे शाह

## गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है



नई दिल्ली। मंगलवार को राज्यसभा में केंद्रीय गृहमंत्री ने संविधान पर चर्चा का जवाब दिया। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है। उन्होंने कहा कि दुनिया सबसे ज्यादा विस्तृत और लिखित संविधान है। दो साल 18 महीने तक विस्तृत चर्चा हुई। शायद ही दुनिया का कोई संविधान होगा जो देश की जनता को कमेंट के लिए दिया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'हमारे देश की जनता और हमारे संविधान ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो कहते थे कि हम कभी आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं हो पाएंगे। आज हम 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हमने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है।'

### राज्यसभा में अमित शाह की बड़ी बातें

अमित शाह ने कहा कि दुनिया सबसे ज्यादा विस्तृत और लिखित संविधान है। दो साल 18 महीने तक विस्तृत चर्चा हुई। शायद ही दुनिया का कोई संविधान होगा जो देश की जनता को कमेंट के लिए दिया गया। अमित शाह ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में हुई बहस देश के युवाओं के लिए शिक्षाप्रद होगी। इससे देश के लोगों को यह समझने में भी मदद मिलेगी कि किस पार्टी ने संविधान का सम्मान किया है और किसने नहीं। मैं सरदार पटेल को धन्यवाद देता हूं क्योंकि उनके संघर्ष के कारण ही देश दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'हमारे देश की जनता और हमारे संविधान ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो कहते थे कि हम कभी आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं हो पाएंगे। आज हम 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हमने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है।' (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कांग्रेस पर जमकर बरसे शाह

भाजपा ने 16 साल तक शासन किया और संविधान में 22 संशोधन किए। इसके विपरीत, कांग्रेस पार्टी ने 55 साल तक शासन किया और 77 संशोधन किए। दोनों पार्टियों ने संविधान में संशोधन किए हैं। संशोधनों को लागू करने के अलग-अलग तरीके हैं, कुछ संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं, जबकि अन्य केवल औपचारिकता के तौर पर किए जा सकते हैं। संविधान में संशोधन के पीछे के उद्देश्यों की जांच करके किसी पार्टी के चरित्र और इरादों को समझा जा सकता है।

संविधान की रचना के बाद डॉ अंबेडकर ने बहुत सोच समझकर एक बात कही थी कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वो अच्छे नहीं हों। उसी तरह से कोई भी संविधान कितना भी बुरा हो, वो अच्छा साबित हो सकता है, अगर उसे चलाने वालों की भूमिका सकारात्मक और अच्छी हो। ये दोनों घटनाएं हमने संविधान के 75 साल के कालखंड में देखी हैं।

# वन नेशन-वन इलेक्शन बिल : वोटिंग के दौरान अनुपस्थित सांसदों को भाजपा का नोटिस; पार्टी ने जारी किया था व्हिप



नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पेश कर दिया गया। बिल पर वोटिंग के दौरान भाजपा के कई सांसद सदन में मौजूद नहीं थे। अब पार्टी ने ऐसे सांसदों को नोटिस जारी करने का फैसला किया है।

दरअसल लोकसभा में वन नेशन-वन इलेक्शन से जुड़ा बिल पेश होने के बाद वोटिंग होनी थी। भाजपा ने तीन लाइन का व्हिप जारी कर अपने सांसदों को सदन में उपस्थित रहने को कहा था। लेकिन बावजूद इसके भाजपा के 20 से ज्यादा सांसद वोटिंग के दौरान उपस्थित नहीं थे।

### पक्ष में पड़े थे 269 वोट

लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह बिल पेश किया था। बिल पर स्पीकर ओम बिरला ने पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। तब बिल के पक्ष में 220 और विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। तब दोबारा पर्ची से वोट डाले गए। इस बार बिल के पक्ष में 269 वोट और विपक्ष में 198 वोट पड़े। हालांकि बिल को फिर जेपीसी के पास चर्चा के लिए भेज दिया गया।

### दो तिहाई बहुमत की जरूरत

लोकसभा में एनडीए के पास 292 सीटें हैं। संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। इसलिए बिल को पास कराने के लिए 362 सांसदों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी।

वहीं राज्यसभा में एनडीए के पास 112 सांसद हैं। यहां दो तिहाई बहुमत के लिए 164 सांसदों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। सरकार चाहती है कि बिल पर सभी दलों की एक राय बनाई जा सके। यही वजह है कि बिल को जेपीसी के पास भेजा गया है।

# नहीं चल रहा 'आयुष्मान': भुगतान हुआ नहीं तो इलाज नहीं कर रहे निजी अस्पताल, मंत्री बोले-आपके समय से कम है लंबित रकम




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीत सत्र के दूसरे दिन ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक विक्रम मंडावी ने निजी अस्पतालों के आयुष्मान राशि रुकने का मुद्दा उठाया। श्री मंडावी ने कहा कि, भुगतान लंबित होने के कारण इलाज नहीं हो रहा है।

इस गंभीर मसले पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जवाब देते हुए बताया कि, 838 करोड़ का भुगतान लंबित है। दिसंबर 2024 तक 1096 करोड़ का भुगतान निजी अस्पतालों को और 560 का भुगतान सरकारी अस्पतालों को हुआ है। टीपीए के जरिए क्लेम का भुगतान किया जाता है, भ्रष्टाचार रोकने के लिए हमने 75 अस्पतालों की जांच की, 11 पर 151 लाख का फाइन किया गया है।

### इलाज नहीं करने वालों की टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

मंत्री के जवाब पर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा- भुगतान लंबित होने के कारण इलाज नहीं हो रहा है, निजी अस्पताल इलाज नहीं करते हैं, तो कैसे कार्यवाही करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा- टोल फ्री नंबर है, शिकायत करें। रजिस्टर्ड हैं और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विधानसभा के ध्यानाकर्षण में गूंजा अवैध प्लॉटिंग का मुद्दा, विस अध्यक्ष ने दिए कार्रवाई के निर्देश




## नक्सल प्रभावित 3 गांवों में पुलिया निर्माण का मामला गरमाया

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र का 17 दिसंबर, मंगलवार को दूसरा दिन है। ध्यानाकर्षण में अवैध प्लॉटिंग का मुद्दा गूंजा। विधायक अनुज शर्मा ने धरसींवा क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग का मुद्दा उठाया। विधानसभा अध्यक्ष ने राजस्व मंत्री को एक महीने के भीतर विधानसभा के आस-पास अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

सभा में विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर ने भी प्रदेश में अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया। अवैध कॉलोनी की रजिस्ट्री को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि, रेरा, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के तहत जो अप्रुव नहीं है, उसे लेकर नियम बनाकर कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा में कवासी लखमा ने सुकमा और दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित सरहदी 3 गांवों में पुलिया निर्माण का मामला उठाते हुए कहा कि, पहले पुल बनने का काम शुरू हुआ। फिर टेंडर डालने का कौन सा नियम है? जिस पर मंत्री अरुण साव ने जवाब देते हुए कहा कि, मई के महीने में 2 पूल के निर्माण का काम शुरू हुआ और वहां सुरक्षा कैम्प स्थापित है। वहां रसद सामान ले जाना ज़रूरी था, इसलिए 2 पुलिया का निर्माण शुरू हुआ था। आचार संहिता लगा था, शिकायत होने पर काम रोक दिया गया। लेकिन उसका कोई भुगतान नहीं हुआ है और अब टेंडर आज खुल रहा है। अब जिसे मिलेगा वो बनाएगा। कलेक्टर ने पुल बनाने की अनुमति दी थी। विधायक कवासी लखमा ने आगे कहा कि, पुल निर्माण मामले में गड़बड़ी की गई है। जनता की गाढ़ी कमाई को चूना लगाया है। ईई और सब इंजीनियर पर कार्रवाई करेंगे क्या?

### सभा में जमकर हुआ हंगामा

इससे पहले भी सदन में जमकर नारेबाजी हुई। सुकमा में नियम विरुद्ध पुल-पुलिया निर्माण को लेकर कांग्रेस ने नारेबाजी की और बिना टेंडर, अनुमति कार्य होने पर कार्रवाई की मांग की। जिसको लेकर मंत्री अरुण साव ने जवाब दिया। लेकिन विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं हुआ और नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक की कांग्रेस ने उन्हें भ्रष्ट कह दिया, जिसके बाद सत्तापक्ष ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके बाद आसंदी ने मंत्री को भ्रष्ट कहे जाने वाले शब्दों को विलोपित कर दिया।

# बांग्लादेश के हिंदुओं को बचा लो, प्रियंका गांधी ने दादी इंदिरा के किस्से सुना मोदी सरकार को घेरा



नई दिल्ली। बांग्लादेश के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रियंका गांधी ने संसद में मोदी सरकार से पड़ोसी मुल्क में हिंदुओं, ईसाइयों समेत अन्य अल्पसंख्यकों को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा आज विजय दिवस है। इसी दिन हमने पाकिस्तान को सबक सिखाया था और बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। इसे इंदिरा गांधी की निर्णायक सरकार और जांबाज सैनिकों ने अंजाम दिया था। उन्होंने इंदिरा गांधी की इच्छाशक्ति का जिक्र करते हुए मोदी सरकार से अपील की कि आप भी उसी तरह बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की रक्षा करें।

लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, आज विजय दिवस है। 1971 के युद्ध में जिन बहादुर सैनिकों ने हमारे लिए लड़ाई लड़ी मैं उनको नमन करना चाहती हूं। बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा था, बांग्लादेश के लोगों, हमारे बंगाली भाइयों और बहनों की आवाज कोई नहीं सुन रहा था। उस समय जनता अपनी नेतृत्व के साथ खड़ी हुईं। उस समय इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं, मैं उन्हें नमन करना चाहती हूं।

उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में साहस दिखाया और ऐसा नेतृत्व दिखाया जिससे देश विजयी हुआ। पहला मुद्दा जो मैं चर्चा करना चाहती हूं वह यह है कि इस सरकार को बांग्लादेश में हिंदू और ईसाई अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए और उनका समर्थन लेना चाहिए। दूसरा मुद्दा यह है कि आज सेना के मुख्यालय से एक तस्वीर उतारी गई है जिसमें पाकिस्तानी सेना भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है।

राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हमारी बहादूर नेता इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर और बांग्लादेश को आजाद कराया। इस देश की शान पूरी दुनिया में फैली। वहां (बांग्लादेश में) जो गड़बड़ी चल रही है, कम से कम इन (बीजेपी) लोगों को अपनी आंखें खोलनी चाहिए और वहां के अल्पसंख्यकों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए। 'राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा,' बीजेपी आरक्षण के विरोधी है और इसीलिए वे जातीय जनगणना के खिलाफ हैं। मोदी जी को देश के स्वाधीनता आंदोलन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है इसलिए वो इस विषय पर जाना नहीं चाहते।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है हवाई सेवाओं का विस्तार



## रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर शहरों को जोड़ने नई विमान सेवा कल से शुरू होगी

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार की रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत शुरू हो रही नई उड़ान सेवाओं का उद्देश्य हवाई यात्रा को न केवल किफायती बनाना है बल्कि क्षेत्र में यात्रियों के लिए पसंदीदा विकल्प भी बनाना है। इन उड़ानों के शुरू होने से व्यापारिक यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय समुदायों को बहुत लाभ होगा, समय की बचत होगी और आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे।

इसी कड़ी में रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इन तीनों शहरों को जोड़ने के लिए नई उड़ान सेवा का संचालन 19 दिसंबर, 2024 से शुरू होने जा रहा है।

रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को जोड़ने वाली नई उड़ानें सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होंगी। यह नई सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी बल्कि इंटरसिटी यात्राओं को एक आरामदायक और सुविधाजनक बनाएगी, जिससे पर्यटन, व्यापार के अवसरों और क्षेत्रीय विकास को और बढ़ावा मिलेगा। इन शहरों में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर यात्री विमान सेवा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस नई उड़ान सेवा का शुरुआती किराया मात्र 999 रूपए रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए www.flybig.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# विधानसभा के रजत जयंती वर्ष में 'स्मृतियां' छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ



## विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने किया शुभारंभ

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज विधान सभा परिसर में 'स्मृतियां' छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

प्रदर्शनी के शुभारंभ के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित मंत्रियों एवं विधायकों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

छायाचित्र प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के 25 वर्षों के ऐतिहासिक सफर के महत्वपूर्ण अवसर के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। छायाचित्रों की इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ विधानसभा के आरंभ से लेकर वर्तमान तक विशिष्ट अतिथियों के छत्तीसगढ़ विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों में आगमन एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर विधान सभा परिसर में लगी रहेगी। प्रदर्शनी स्थल पर नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन के 'मॉडल' को भी प्रदर्शित किया गया है।

# उद्योगपति नहीं चुका पा रहे लोन, बैंकों ने माफ किये 12 लाख करोड़ रुपये



नई दिल्ली। अनिल अंबानी, जिंदल और जयप्रकाश जैसे उद्योगपति लोन की रकम को चुका नहीं पा रहे हैं। इससे बैंकों पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। पिछले 10 साल में बैंकों ने 12 लाख करोड़ रुपये का लोन माफ किया है। वहीं पिछले 5 साल में कर्ज माफी की आधे से ज्यादा रकम सरकारी बैंकों की है। लोन माफ करने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सबसे आगे है।

टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित खबर के मुताबिक वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2024 के बीच बैंकों ने कुल 12.3 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ किए गए हैं। संसद में पूछे गए सवालों के जवाब में सरकार ने यह जानकारी दी। सरकार की ओर से मुहैया कराए गए डेटा के अनुसार इसमें से 53त्न या 6.5 लाख करोड़ रुपये पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 20-24) में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (सरकारी बैंक) ने माफ किए।

### लोन न चुका पाने वालों में अनिल अंबानी भी

द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक टॉप 100 डिफॉल्टरों के पास कुल एनपीए का 43 फीसदी हिस्सा है। यह जानकारी आईटीआर के माध्यम से जुटाई गई है। इसमें बताया गया है कि लोन न चुका पाने वालों में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड भी शामिल है। साथ ही इसमें जिंदल और जेपी ग्रुप की भी कंपनियां हैं।

# 'घंटों नहीं, स्मार्ट तरीके से काम करो', डेल कंपनी के सीईओ माइकल ने कर्मचारियों को दिया सफल होने का फॉर्मूला




नई दिल्ली। डेल टेक्नोलॉजीज के अरबपति सीईओ माइकल डेल ने आजकल के कर्मचारियों के लिए एक मैसेज दिया है। उन्होंने कहा कि अधिक मेहनत न करके होशियार तरीके से काम करें और हंसना न भूलें। 'इन गुड कंपनी' शो के एक एपिसोड में डेल ने अपने मैनेजमेंट और काम के प्रति व्यक्तिगत दृष्टिकोण के बारे में जानकारी साझा की। इसमें पेशेवर, समर्पण और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर जोर दिया गया।

'दिन भर काम करने से ज्यादा काम नहीं होता है'

डेल के अरबपति सीईओ माइकल डेल ने कहा, 'मैंने बहुत पहले ही समझ लिया था कि दिन भर काम करने से ज्यादा काम नहीं होता है।' उन्होंने कई टेक कंपनियों के इस विचार को चुनौती दी कि हमेशा ज्यादा काम करना ही अच्छा होता है। 59 साल के इस दिग्गज कारोबारी ने पिछले साल 88 अरब डॉलर का कारोबार किया। सीईओ ने अपना डेली रुटीन भी साझा किया। उन्होंने बताया कि वे रात 8:30 या 9 बजे के आसपास बिस्तर पर चले जाते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# साय सरकार का एक साल: छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए बनाई नई नीति, खुलेंगे रोजगार के द्वार



रायपुर (दावा)। नई औद्योगिक नीति में छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत सरकार के विजन 2047 की परिकल्पना को साकार करने और राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रावधान किए हैं। राज्य के प्रशिक्षित व्यक्तियों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए उद्योगों के लिए प्रति व्यक्ति 15 हजार रूपए की प्रशिक्षण वृत्ति प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है।

नवीन औद्योगिक नीति 1 नवबंर 2024 से 31 मार्च 2030 तक के लिए लागू होगी। इस नीति में निवेश प्रोत्साहन में ब्याज अनुदान, लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट मूल्य संवर्धित कर प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। नई नीति में मंडी शुल्क छूट, दिव्यांग (निःशक्त) रोजगार अनुदान, पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान, नेट राज्य वस्तु और सेवा कर की प्रतिपूर्ति के भी प्रावधान किए गए हैं।

### युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

नई औद्योगिक नीति में राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लक्ष्य में रखकर एक हजार से अधिक स्थानीय रोजगार सृजन के आधार पर बी-स्पोक पैकेज विशिष्ट क्षेत्र के उद्योगों के लिए प्रावधानित हैं। राज्य के निवासियों विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों, जिनमें पैरामिलिट्री भी शामिल है को नई औद्योगिक नीति के तहत अधिक प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान है। नक्सल प्रभावित, कमजोर वर्ग, तृतीय लिंग के उद्यमी भी नई औद्योगिक पॉलिसी के तहत विशेष प्रोत्साहन के पात्र होंगे।

### अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधान

नई औद्योगिक नीति में पहली बार सेवा क्षेत्र अंतर्गत एमएसएमई सेवा उद्यम और वृहद सेवा उद्यमों के लिए अलग-अलग प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। सेवा क्षेत्र अंतर्गत इंजीनियरिंग सर्विसेस, रिसर्च एंड डेव्हलपमेंट सेक्टर, पर्यटन और मनोरंजन सेक्टर आदि से संबंधित गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। इस नीति में बड़ी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जनादेश परब एवं सुशासन सप्ताह में 21 दिसम्बर को किसान सम्मेलन, 23 को महतारी वंदन एवं नगर पालिक निगम का शिविर होगा आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी शासन की महती योजना है। सभी नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में जाकर मानिटरिंग करें। राईस मिलर्स की हड़ताल समाप्त होने के बाद धान के उठाव में तेजी आएंगी। उन्होंने कहा कि जिन धान उपार्जन केन्द्रों में धान रखने के लिए जगह की कमी हो रही है, वहां स्थान बनाने के साथ ही धान का उठाव शीघ्र कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। वहीं भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

उन्होंने कहा कि जनसामान्य को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर लगाया जाएगा। शिक्षा स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी विभाग अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित विभागीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करेंगे तथा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सभी आपसी सहभागिता एवं समन्वय के कार्य करेंगे। 21 दिसम्बर को किसान सम्मेलन, 23 को महतारी वंदन एवं नगर पालिक निगम का शिविर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में ड्राइविंग लाईसेंस, आधार कार्ड सहित अन्य योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने पीजीएन जनशिकायत, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायतों के निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले सभी पत्रों का सभी विभाग समय पर उत्तर दें। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरट में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के संबंध में सभी विभाग नियमित तौर पर प्रतिवेदन भेजे। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री, अवैध खनिज उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अपराधियों को जिला बदर करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे पौधरोपण एवं जल संरक्षण के कार्यों को लगातार जारी रखें। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से गरीब एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए उनका चिन्हांकन करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सूची का सत्यापन भी करें। उन्होंने उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन भी करना है। उन्होंने बताया कि गर्मी में धान की फसल किसान अब कम लगा रहे हैं। उन्होंने पशु आश्रय स्थल के संबंध में जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सुशासन के एक वर्ष, वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। नगर मे संचालित भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन के शानदार एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में 16 दिसंबर दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के दिशा निर्देश पर बी एल ठाकुर उप संचालक समाज कल्याण विभाग की गरिमामई उपस्थिति मे वरिष्ठ नागरिकों के मध्य खेल खुद प्रतियोगिता के साथ साथ सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खेलकूद प्रतियोगिता के साथ किया गया जिसके तहत कुर्सी दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम प्रेमलाल साहू, द्वितीय पोमेश्वर वैष्णव रहे, इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम श्रीमती सुजाता और द्वितीय स्थान श्रीमती गीता राठौड़ ने प्राप्त किया। बाल फेक प्रतियोगिता में प्रथम श्रीमती गेंदबाई और द्वितीय स्थान श्रीमती मीना बनसोडे ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को नगद राशि भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संचालक समाज कल्याण बी.एल. ठाकुर ने कहा कि 'पेड़ बूढ़े ही सही आंगन में रहने दो, फल नही सही, छांव ज़रूर देंगे। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि हमें अपने बुजुर्ग माता पिता को किसी भी प्रकार से कष्ट न देते हुए बुढ़ापा से सहारा बनना चाहिए, प्रदेश सरकार वृद्ध जनों वरिष्ठ नागरिकों के प्रति बहुत संवेदन शील है, कोई भी समस्या होने पर हमसे सम्पर्क कर सकते हैं, इस अवसर पर आश्रम में लाभान्वित समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान साल श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, समाज कल्याण विभाग से श्रीमती सुखमद्य चंद्रवंशी परिवीक्षा अधिकारी, श्रीमती दीप्ति देवांगन प्रभारी अधीक्षक, बिरसिंह साहू प्रमुख कलाकार, तिहार ध्रुव, रामप्रसाद यादव, सुनील चुरेंद्र, प्रबंधक कमलेश कोसले आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

## पहला कॉलम...

### गुरुघासीदास जयंती पर निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी शहर सतनामी समाज सेवा समिति गुरूघासीदास चौक नंदई मार्ग राजनांदगांव से सत्यमूर्ति परम पूज्य संत शिरोमणी सद्गुरू बाबा गुरूघासीदास जी की 268वीं जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। चार दिवसीय सतनाम महोत्सव के तहत दिनांक 16 दिसम्बर 2024 दिन सोमवार को स्कूली छात्र-छात्राओं का सामान्य ज्ञान, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता, दिनांक 17 दिसम्बर 2024 मंगलवार को मिनीमाता कल्याणी महिला मंडल द्वारा महिलाओं का विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता, दिनांक 18 दिसम्बर 2024 बुधवार सुबह 9 बजे से भजन कीर्तन व पंथी प्रदर्शन का आयोजन होगा दोपहर 2 बजे से गुरूघासीदास धर्मशाला सतनाम धाम प्रांगण से सात श्वेत ध्वजाधारियों की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा, सतनाम रथ, झांकी एवं पंथी दल के साथ निकाली जायेगी जो नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर सतनाम धाम पहुँचेगी। संध्या 6 बजे पंथी नृत्य अतिथि स्वागत समाज में विशेष सहयोग देने वाले युग एवं बुजुर्गों का सम्मान किया जायेगा। रात्रि 9 बजे से रंग-तरंग कार्यक्रम का मंचन होगा। दिनांक 19 दिसम्बर 2024 दिन गुरूवार को रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेम के बंधना संचालिका निकिता टंडन का आयोजन रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र राय ने सतनामी समाज के लोगों को उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी सचिव मनीष भारती द्वारा दी गई।

### एसएससीएल द्वारा सेक्युरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के लिए किया जा रहा पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। सिक्योरिटी स्किल्स काउंसिल इंडिया लिमिटेड (एसएससीएल) भारत सरकार द्वारा पारित सुरक्षा अधिनियम के तहत युवाओं को एक माह का प्रशिक्षण प्रदाय कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही प्रशिक्षित युवाओं को सुरक्षा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों में स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करती है। इसी क्रम में जिले के जनपद पंचायतों में 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक सेक्युरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 16 एवं 17 दिसम्बर को जनपद पंचायत छुरिया में पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह 18 एवं 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत डोंगरगढ़, 20 एवं 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं 23 एवं 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत राजनांदगांव में पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### अमित कुमार हरिहारनो का आकस्मिक निधन



राजनांदगांव (दावा)। विजय हरिहारनों के छोटे पुत्र अमित कुमार हरिहारनो का आज सुबह 8:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया है जो कि पत्रकार सौरभ ताम्रकार के चाचा भी है उनके अंतिम यात्रा उनके निज निवास गांधी चौक ब्राह्मण पारा वार्ड नंबर 38 से दोपहर 3:30 बजे निकलेगी जो मुक्तिधाम लखोली जाएगी।

# शोक में भी डटा रहा कलाकार: बस्तर ओलंपिक में नागेश ने पिता के निधन के बाद भी दिया शानदार प्रदर्शन





राजनांदगांव (दावा)। हाल ही में 13 से 15 दिसम्बर तक बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन जगदलपुर में हुआ, 15 दिसम्बर को बस्तर ओलिंपिक का फाइनल हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देश के गृहमंत्री अमित शाह, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ गृहमंत्री विजय शर्मा ने की। इस आयोजन में एक ऐसी घटना घटी जिसने सभी को भावुक कर दिया। दरअसल राजनांदगाव के कलाकारों ने इस आयोजन में नक्सल प्रभावित ग्रामीणों की स्थिति को एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी के सामने प्रस्तुत किया। जिसमें एक युवा कलाकार नागेश पठारी ने अपने पिता के निधन के दो घंटे बाद भी अपना अभिनय प्रस्तुत किया। यह घटना सभी के लिए प्रेरणादायक रही। नागेश के पिताजी जी.आर. पठारी का निधन हार्ट अटैक की वजह से 15 दिसम्बर की दोपहर एक बजे राजनांदगाव में हुआ, जब उनके पिता की मृत्यु हुई, उस समय नागेश बस्तर ओलिंपिक फाइनल जगदलपुर में मौजूद थे। उनके कार्यक्रम का मंचन अमित शाह के सामने दोपहर 3 बजे प्रस्तुत होना तय था, इस नाटक में नागेश मुख्य भूमिका निभा रहे थे। अपने पिता की मृत्यु की खबर सुनने के बाद भी नागेश ने अपने नाटक के प्रदर्शन को ही प्राथमिकता दी। अपने पिता के शोक भाव को मन के एक कोने में दबाकर उन्होंने गाना गाया, नृत्य किया और इंग्लिश की कहावत 'द शो मस्ट गो ऑन' को सही साबित कर दिया।

नागेश के इस संकल्प और समर्पण ने दर्शकों के साथ ही मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को भी प्रभावित किया। नागेश का मानना है कि उनके पिता भी शायद यही चाहते होंगे कि वह अपना प्रदर्शन पूरा करें। नागेश के इस भावनात्मक क्षण ने बस्तर ओलंपिक को और भी भावनात्मक बना दिया। पिछले दस वर्षों से अभिनय क्षेत्र में काम कर रहे। नागेश की इस दृढ़ निश्चयता ने सभी कलाकार साथियों में एक नई ऊर्जा भर दी. यह घटना हमें बताती हैं कि एक कलाकार का जीवन भावनात्मक रूप से कितना चुनौती पूर्ण होता है और किसी भी कठिन परिस्थिति में भी किस तरीके से अपने प्रदर्शन को पूरा करने के लिए वह स्वसंकल्पित रहता हैं।

### कार्यक्रम का विवरण

राजनांदगाव के कलाकारों ने बस्तर ओलिंपिक 2024 में नक्सलियों की वजह से बस्तर के ग्रामीणों को हो रही तकलीफों को जनता के सामने एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस नाटक की प्रस्तुति बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में की गई, इसमें कलाकार के रूप में शहर के यशवंत आनंद गुप्ता, शेख शाहरुख, नागेश पठारी, रागिनी स्वर्णकार, देवेश वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, मार्या सिंह, भुवनेश्वर साहू, एकता वर्मा, ऋषभ सिन्हा, रीना श्रीवास, संकल्प तिवारी, नवीन निर्मलकर, अनिकेत देवांगन, अमन, राजेश और सोमप्रकाश शामिल थे।

# जिले के सभी विकासखंडों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर 27 दिसंबर को आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सभी चारों विकासखण्डों में एक साथ शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन 27 दिसंबर को सेजस विद्यालयों में समय 11:00 बजे से 04:00 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के समस्याओं से संबंधित प्रकरणों का पंजी संधारण करेंगें जिसमें शिक्षकों की समस्याओं का विवरण अंकित कर उनकी समस्याओं का निराकरण का प्रयास किया जावेगा।

**शिक्षा विभाग का अभिनव पहल, शिविर में शिक्षकों के समस्या का होगा निवारण**

ऐसी समस्या जिनका निराकरण उच्च कार्यालय से होना है, ऐसे प्रकरणों का निवारण हेतु जिला स्तर पर समीक्षा दिनांक 28 दिसंबर को समय 12 बजे जिला शिक्षा कार्यालय में किया जावेगा। जिसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज सहित अपने कार्यालय के एक लिपिक के साथ उपस्थित रहेंगे। सभी संस्था के संस्था प्रमुख शिविर दिवस में संबंधित शिक्षकों को अनिवार्यतः उपस्थित होने के लिये अनुमति प्रदान करेंगे। समस्त विकासखण्डों में आयोजित होने वाले शिविर में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ बीआरसी एवं एबीईओ अनिवार्यतः उपस्थित रहेंगे।

# गैंदाटोला पुलिस ने अपहता को रींवा से सकुशल किया बरामद

राजनांदगांव (दावा)। जिले के गैंदाटोला पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की अपहता को रींवा से बरामद किया है। बताया जाता है कि आरोपी द्वारा उसे बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया था। गैंदाटोला थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में थाना गैंदाटोला के अपराध क्रमांक- 97/2024 धारा-137(2) बीएनएस के अपहता जो बिना बताये कहीं चली गई थी जिसकी कायमी 13 दिसंबर से लगातार पता तलाश करते हुए अपहता को 15 दिसंबर को अभियुक्त शैलेंद्र चौधरी पिता शारदा प्रसाद चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी रींवा से बरामद किया गया है। अपहता के मिलने पर अपहता के परिजनों द्वारा खुशी जाहिर करते हुये पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित की हैं।

# प्रकाश वैद्ये का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर वार्ड नं. 9 भीम नगर निवासी प्रकाश वैद्ये (टेलर) का आकस्मिक निधन 17 दिसम्बर मंगलवार को दोपहर 3 बजे हो गया। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी से श्री वैद्ये अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से शंकरपुर मुक्तिधाम हेतु 18 दिसम्बर बुधवार को प्रातः 11 बजे निकाली जावेगी।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय मे मामला क्रमांक- 202412090200030**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2024-2025
तेन्दूटोला प.ह.नं. 00019 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- पूनमदास, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूनमदास पिता चंदनराम जाति तेली निवासी ग्राम तेन्दूटोला तहसील छुरिया जिला - राजनांदगाँव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की पुत्री निकिता का जन्म दिनांक 20.05.2008 को ग्राम तेन्दूटोला तहसील छुरिया में हुआ है जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पायाा है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपनी पुत्री निकिता का जन्म दिनांक 20.05.2008 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, अंकसूची की छायाप्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 23.12.24 को स्वयं/ वकील/ आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/12/2024 को जारी किया जाता है।

Vijay Kumar Kothari
तहसीलदार

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 25 11/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक.. मनीष कुमार पिता बल्लू राम, निवासी ईरई खुर्द, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम ईरई खुर्द पटवारी हल्का नंबर 007, खसरा नंबर 275/2, रकबा 0.0400 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 10/12/2024 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के
3-5-7
468-8 589-2
राजधानी
2-7-8
157-3 380-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ. ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक
202412093700022 अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मनीषा वैद्य, निवासी = म.नं. 665, गली नं. 06, मोडल टाउन भिलाई, जिला- दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशन पारा स्थित शीट क्रमांक 45 डी. भूखण्ड क्रमांक- 199, क्षेत्रफल 100.00 वर्गमीटर जो धारकगण सुरेन्द्र, कांतिलाल आ. विश्राम ढारगावे वो. मु. रामबाई विधवा विश्राम ढारगावे, निवासी- स्टेशनपारा राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसे पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 26.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 25/11/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनुसुइया सिन्हा पति संत राम सिन्हा, निवासी डुमरडीहखुर्द, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरी, पटवारी हल्का नंबर 0031, खसरा नंबर 287/9, रकबा 0.0200 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 6/12/2024 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

**नाम परिवर्तन**

मै फैमिदा बेगम (FAIMIDA BEGAM) पति शेख अरमान, उम्र 22 वर्ष, निवासी - म.नं. 129, वार्ड नं. 31 ठाकुरदैया महावीर नगर, राजनांदगांव, तहसील एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासिनी हूँ। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम स्मृति साहू दर्ज है। जबकि, मेरे अन्य दस्तावेज, मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र एवं शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम- फैमिदा बेगम दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने हेतु मैं अपना नाम- फैमिदा बेगम रखना चाहती हूँ जिसके चलते मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ अशासकीय/ बैंकिग दस्तावेज सहित अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी मेरा नाम स्मृति साहू दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर फैमिदा बेगम दर्ज कराना चाहती हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ।

फैमिदा बेगम पति शेख अरमान
म.नं. 129, वार्ड नं. 31
ठाकुर दया महावीर नगर, तह. व
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202411095300006-
अ/74 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जानकी बाई पति मदनलाल टंडन जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहारा तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता कुन्ती बाई पति हिरालाल का दिनांक 20.11.1993 को ग्राम मोहारा में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदिका द्वारा अपने माता कुन्ती बाई पति हिरालाल का दिनाक 20.11.1993 को ग्राम पंचायत मोहारा में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो ही वह दिनांक 31/12/ 2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ. ग.)**
रा.मा.क्र. 202412093800023
अ/20(1) वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बदरजहां बेगम ध.प. मो. हासिम शरीफ निवासी बख्तावरचाल तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला ब्राम्हणपारा स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 746/5 क्षेत्रफल 875 वर्गफीट भूमि का शीट आबंटित किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 06/01/2025

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**कार्यालय, अधिष्ठाता,**
**भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**
Office Ph.No.-07744-292671, W ebsite:-www.abvmgmcraj-nandgaon

पत्र क्र. .-/ निविदा/2024-25 5548-5549 राजनांदगाँव,दिनांक 16/12/2024

**// निवदा आमंत्रण सूचना //**

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगाँव छ.ग. द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 की राशि में से पुस्तकों के प्रदाय हेतु जी.ओ.सी. रजिस्टर्ड फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.abvmgmcrajnandgaon.ac.in से डाऊनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है ।

निविदा जमा की अंतिम तिथि 15/01/2025 समय अपरान्ह 02:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 15/01/2025 समय अपरान्ह 03:00 बजे

जी - 242504627/3

अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती, बांस एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम स्थान - काष्ठागार धरमजयगढ़
2. नीलाम दिनांक - 24.12.2024
3. नीलाम समय - प्रात: 09.00 बजे से प्रारंभ

| अ.क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 102.294 | 0 | 102.294 | 0 |
| 2 | साल | 80.000 | 0 | 833.368 | 586 | 913.368 | 586 |
| 3 | बीजा | 0.000 | 0 | 33.845 | 0 | 33.845 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 5 | साजा | 0.000 | 0 | 11.770 | 32 | 11.770 | 32 |
| 6 | हल्दू | 0.000 | 0 | 12.544 | 0 | 12.544 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 8 | सलिहा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 9 | अन्य | 0.000 | 0 | 26.842 | 126 | 26.842 | 126 |
| 10 | आर.टी.एल. | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| | योग :- | 80.000 | 0 | 1020.663 | 744 | 1100.663 | 744 |
| 11 | जलाऊ | 700 | चट्टा | 0 | 0 | 700 | चट्टा |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी- अधिकता संभव है।

टीप:- क्रेता को पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 की छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जी- -242504648/4

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show | SILVER SCREEN MULTIPLEX | 05th Dec To 12th Dec 2024 | Silver Screen


Pushpa The Rule 2 - 09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें संवेदनशीलतापूर्वक सुनी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

**जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर जिले के दूरस्थ स्थानों से पहुंचे नागरिक**



**जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम भगवानटोला निवासी श्रीमती प्रीति राजपूत ने अपने पति स्वर्गीय महेश सिंह राजपूत के घर के सामने विद्युत तार से करंट लगने से मृत्यु होने पर आपदा सहायता राशि के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा निवासी श्रीमती संध्या सालिनी टोप्पो ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि प्रदाय करने के लिए आवेदन किया। लखोली राजनांदगांव निवासी यशोदा गोंड ठाकुर ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया। जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का नियमित लाभ मिल सके। कौरिनभाठा राजनांदगांव निवासी महेश राम ने बारिश के कारण अपने क्षतिग्रस्त मकान का सहायता राशि प्रदाय के लिए आवेदन किया। ग्राम गठुला निवासी हेमंत निषाद ने अपने निजी भूमि से विद्युत पोल हटाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में राशन कार्ड बनाने, मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, अतिक्रमण हटाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव के विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय महिला शतरंज प्रतियोगिता आज से



**डॉ. रमन सिंह करेगें उद्घाटन**

राजनांदगांव (दावा)। स्मार्ट गर्ल्स ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता आज 18 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक राजनांदगांव में खेली जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह दोपहर 3.30 बजे अग्रसेन भवन में इसका उद्घाटन करेंगें। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेगें विशिष्ट अतिथि सुश्री किरण अग्रवाल (अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी, प्रशिक्षक एवं विक्रम अवार्डी), सुनिल अग्रवाल (उद्योगपति एवं समाज सेवी), मनोज बैद (अध्यक्ष, सकल जैन श्री संघ), विनोद लोहिया, विनोद राठी (महासचिव छत्तीसगढ प्रदेश शतरंज संघ), संतोश अग्रवाल (निवृत्तमान अध्यक्ष अग्रवाल सभा राजनांदगांव) होगें।

यह जानकारी देते हुये अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं राजनांदगांव जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली ने बताया कि ऑल इंडिया चेस फेडरेशन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ.ग. षासन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित किये जाने का सुअवसर हमें मिला है। अग्रवाल सभा एवं जिला शतरंज संघ द्वारा संयुक्त रूप से इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता नौ राउण्ड में पांच दिनों तक खेली जायेगी। सभी मैच अग्रसेन भवन में खेले जायेगें। जिसमें कुल 11 राज्यों के खिलाडी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है।

प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्वीश लीग पद्धति से खेली जायेगी। जिसका फायदा यह होता है कि खिलाड़ियों को अधिक मैच खेलने का अवसर मिलता हैं। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंक वाली एक दर्जन से अधिक महिला खिलाडी भी सम्मिलित हो रही है। इस प्रतियोगिता में खेलने वाली प्रतिभागियों को रैंक में बढोत्तरी करने का फायदा मिलेगा। जिससे अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने के लिये उनके अवसर बढ़ जायेगें।

अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल राजनांदगांव जिला शतरंज संघ के सचिव योगेश डाकलिया, अग्रवाल सभा के कोशाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, जिला शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष शंकर खंडेलवाल ने सभी नागरिकों एवं खेल प्रेमीयों से उपस्थिति की अपील की है। एक प्रेस विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल एवं नवीन तिवारी ने यह जानकारी दी।

# भाजपा का एक साल छत्तीसगढ़ बदहाल

**सरकार युवाओं को घर तक नशा पहुंचा सकती है तो रोजगार क्यों नहीं - गुरभेज सिंह माखीजा**



राजनांदगांव (दावा)। युवा कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के नेतृत्व में छत्तीसगढ में युवाओं के साथ हो रहे अन्याय, घर बैठे नशा उपलब्ध करने, रोजगार और शिक्षा भर्ती जैसी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर इस दिन को युवा कांग्रेस ने काले दिवस के रूप में मशाल रैली निकाल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संदीप वोरा ने कहा की आने वाले 23 दिसंबर को इन मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस रायपुर में मुख्यमंत्री निवास घेराव करेगी। एनएसयुआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 साल के कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर राज्य की भाजपा सरकार असफल साबित हुई है। युवा कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश पांडे ने कहा की छत्तीसगढ़ में निरंतर क्राइम बढ़ते जा रहा है आय दिन शहर में चाकू बाजी, लूट हो रही है और सरकार सोई हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी, महेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव संदीप वोरा, अनिमेष सिंह, मानव देशमुख डोंगरगढ़ विधनसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिवम गढ़पाले, एहफाज खान जिला महासचिव आफताब एहमद, दुर्गेश सिंह, राहुल गजभिए, सुनील कोठारी, प्रक्क्ता अभिमन्यु मिश्रा, महेंद्र सिन्हा, उज्जवल निर्मलकर, पवन राजपूत, सौम्य शर्मा, प्रिंस कंग, तौफीक खान, पल्लव वैष्णव, उग्रसेन साहू, मेहुल सिंह, अखिलेश यादव, दानिश खान, विशाल एवं अनेक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हिंदी विभाग की एस.आर.एफ. शोधार्थी बिंदु डनसेना का प्री सबमिशन वायवा संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। आज दिनांक 17 दिसंबर को हिंदी विभाग की एस.आर.एफ. शोधार्थी बिंदु डनसेना का प्री सबमिशन वायवा संपन्न हुआ। बिंदु, डॉ. बी.नंदा जागृत के शोध निर्देशन में 'नरेंद्र कोहली के साहित्य में व्यंग्य विधान' विषय पर शोध कार्य कर रही हैं।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अमिताभ बख्शी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विभाग अध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय एवं अन्य विषयों के शोध निदेशक डॉ. एच.एस.ऑलरेजा, डॉ सुमीता श्रीवास्तव, डॉ. नीलू श्रीवास्तव, डॉ. अनीता साहा, डॉ. आराधना गोस्वामी, डॉ. डाकेश्वर वर्मा, डॉ. प्रमोद महीष, डॉ. पी. टॉक, डॉ. प्रवीण साहू, डॉ. मीना प्रसाद, डॉ. के. के. देवांगन, डॉ. संजय ठिसके, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. हीरेंद्र ठाकुर, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू, अमितेश सोनकर, (शोधार्थी) कु. रेशमी (शोधार्थ), होलेश्वर देशमुख, (शोधार्थी) कु. विभा सिंह, राम मनोहर (भूतपूर्व विद्यार्थी) एवं मनीष कुमार टांडेकर तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

शोध निर्देशकों एवं अनुसंधुंत्सतुओं ने शोध छात्रा के कार्य की सराहना करते हुए कुछ सुझाव भी दिए। सभी ने कहा की शोधार्थी के रूप में बिंदु एक उदाहरण है, एक अच्छे शोध निदेशक के साथ ही एक अच्छा शोधार्थी मिलना सोने में सुहाग की तरह है। उल्लेखनीय है कि बिंदु महाविद्यालय की प्रथम जेआरएफ प्राप्त शोधार्थी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम तिवारी ने किया तथा विभाग अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने आभार ज्ञापित किया।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन : आरक्षण की कार्रवाई स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 17 दिसम्बर एवं 19 दिसम्बर को आयोजित आरक्षण की कार्रवाई अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। आरक्षण कार्रवाई के आगामी तिथि एवं स्थान की जानकारी पृथक से दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के प्रावधानों के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसम्बर 2024 को ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में तथा जनपद पंचायत सदस्य, अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों के पदों का आरक्षण की कार्रवाई 19 दिसम्बर 2024 को जिला कार्यालय राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

# मचानपार में 21 को भव्य पंथी नृत्य प्रति.

राजनांदगांव (दावा)। तुमडीबोड़ के निकटस्थ ग्राम मचानपार में बाबा घासीदास जयंती अवसर पर 21 दिसंबर को भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सतनामी समाज व समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित उक्त पंथी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम से लेकर पंचम स्थान में आने वाले पंथी नृत्य दल को 7001 रुपए से लेकर अंतिम 1001 रुपए इनाम रखा गया है। इसके अलावा विशेष पुरस्कार में बेस्ट गायन, बेस्ट मादर वादन, गोला वादन, झांझ वादन एवं नृत्य सहित आकर्षक वेशभूषा के लिए 251 रुपए के इनाम रखा गया है। आयोजन समिति ने अध्यक्ष राजेंद्र गहने ने बताया कि प्रत्येक मंडलियों के लिए सदाबहार पुरस्कार नगद राशि के रुप में दी जाएगी।

# जनादेश परब : साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे जिले के नागरिकों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर की प्रशंसा

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से कलेक्टोरेट में केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जिले के विकास कार्यो, नवाचार तथा अभियानों को एक साथ संजोया गया है।

कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों द्वारा फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और प्रचार-प्रसार सामग्री प्राप्त होने पर राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों की सराहना की गई। इसके साथ ही बड़ी संख्या में साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे जिले के नागरिकों ने भी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रशंसा की और शासन द्वारा संचालित योजनाओं से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। सरकार नागरिकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



**शासन के विकास कार्यों एवं योजनाओं को एक साथ संजोया गया - भूषण दास**

राजनांदगांव विकासखंड के आरला निवासी श्री सुकुल राम ने कहा कि वे शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन और जिले के विकास कार्यों को बहुत अच्छे प्रदर्शित किया गया है। इनमें से वे कई सारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं और प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का विस्तार से जानकारी लेने का अवसर मिला है। जनसंपर्क विभाग के फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे पूनम कालोनी राजनांदगांव निवासी श्री निशांत रामटेके ने कहा कि शासन की लोकहितैषी योजनाएं विकास की दिशा निर्धारित कर रही है। राजनांदगांव निवासी श्री जसवंत कुमार साहू ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए बहुत अच्छी है। इस योजना से गरीबों के सपने साकार हो रहे हैं। डोंगरगांव निवासी श्री बलराम तिवारी ने कहा कि शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना और कृषक उन्नति योजना गरीब एवं किसानों के लिए बहुत लाभकारी योजनाएं हैं। मोहला निवासी श्री भूषण दास ने कहा कि वे सोलर पैनल इंस्टॉलेशन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कलेक्टोरेट में किसी कार्यवश पहुंचे थे। यहां जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई फोटो प्रदर्शनी बहुत अच्छी लगी। फोटो प्रदर्शनी में बहुत ज्ञानवर्धक जानकारी मिली है। श्री भूषण ने कहा कि प्रदर्शनी में शासन के विकास कार्यों एवं योजनाओं की एक साथ संकलित झलक दिखी है। फोटो प्रदर्शनी में जनसामान्य के लिए संचालित शासन के जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिली है।

# व्यक्ति की नेतृत्व क्षमता को विकसित करता है भाजपा संगठन- रवि सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के दक्षिण मंडल के प्रभारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक रवि सिन्हा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसके विश्व में सबसे ज्यादा कार्यकर्ता हैं और अनुशासन के मामले में इसका कोई मुकाबला नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि इसलिए छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने भाजपा संगठन की खुलकर तारीफ की थी, और कहा था कि भाजपा में संगठन बहुत मजबूत है, जबकि कांग्रेस का संगठन तंत्र कमजोर है।

श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा अपने संगठन के ढांचे को लगातार सतत रूप से जीवित रखती है, और कार्यकर्ताओं को लगातार कार्यक्रमों के माध्यम से सक्रिय रखने की प्लानिंग की जाती है, इसलिए सदस्यता अभियान के तहत प्राथमिक सदस्यता अभियान लगातार चला और सभी कार्यकर्ताओ में नए सदस्यों को बनाने के लिए जी जान से लगे रहे, तत्पश्चात सक्रिय सदस्यता अभियान जिसमें सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 प्राथमिक सदस्य बनना अनिवार्य हैं, की शर्त रखी गई जिसके कारण सभी नेताओं ने अपने रेफरल कोड से 100 से अधिक सदस्य बनाएं। नए सदस्य बनाने का जुनून और उत्साह कार्यकर्ताओं में देखते ही बनता था, आम जगह हो या खास जगह पर, सभी कार्यकर्ता अपने परिचितों को एवं अनजान लोगों को भी चलते-फिरते सदस्य बनाने के अभियान में जुट चुके थे। भाजपा सदस्यता पर्व आगे बढ़ते हुए बूथ गठन एवं बूथ अध्यक्ष एवं समिति का गठन हुआ। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष के लिए नए कार्यकर्ताओं को आगे करने के लिए संगठन ने 35 से 45 वर्ष की आयु सीमा तय कर दी, जिससे युवा सदस्यों में उत्साह का माहौल हो गया है। श्री सिन्हा ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा के संगठन में ही वह ताकत है, जिसके कारण एक आम युवा, एक आम कार्यकर्ता अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता से कोई भी बड़ा पद का सकता है यहां ऊंच-नीच, भेदभाव और एप्रोच का कोई रोल नहीं होता अगर किसी व्यक्ति के अंदर क्षमता है और कुछ करना चाहता है तो वह भाजपा में जरूर आगे बढ़ेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि आज इतने बड़े संगठन में सर्वसम्मति से और अनुशासन से संगठन के चुनाव संपन्न होना भाजपा की कुशल नेतृत्व क्षमता का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संगठन के शिल्पी अपना नाम पीछे कर नए कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए अपनी ऊर्जा लगा देते हैं। नए भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव संपन्न होने के बाद ही सदस्यता महापर्व और यह अभियान अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगा।

### 132358 सदस्य बनाए गए

भाजपा के मंडल प्रभारी एवं सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक रवि सिन्हा ने बताया कि राजनांदगांव विधानसभा में डोंगरगढ़ में 29018 राजनांदगांव में 57015 डोंगरगांव में 27960 एवं खुज्जी में 18365 सदस्य बनाए गए। इस तरह से कुल मिलाकर 132358 सदस्य भाजपा के लिए बनाए गए उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई किसी भी व्यक्ति को पूरे के पुरे सदस्यों के मोबाइल नंबर एवं सदस्यता अभियान के पूरे दस्तावेज देखने की स्वतंत्रता है और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से मोबाइल एवं ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पूरे सदस्य बनाए गए ऐसा पहली बार किसी संगठन ने किया है। इस पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता की लोग खुलकर तारीफ करते हैं।

# आडिटोरियम में श्री कृष्ण लीला, महारास की बिखर रही मनोहारी छटा



**भगवान श्री कृष्ण के लीला को देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरव पथ स्थित आडिटोरियम में वृंदावन से पधारे रास लीला मंडली द्वारा श्री कृष्ण लीला महारास का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रोजाना दोपहर 3:30 बजे से आयोजित होने वाले श्री कृष्ण लीला महारास की शहर मे तीन दिनों तक मनोहारी छटा बिखरी रहेगी है।

शहर के आडिटोरियम में आयोजित भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक लीला व महारास को देखने के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसके आयोजनकर्ता शहर के युगल उपासना मंडल / कस्तूरबा मंडल व आराधना मंच द्वारा बताया गया कि श्री कृष्ण लीला के निर्देशन कर्ता वृंदावन के श्री रासबिहारी है। उनकी पूरी टीम द्वारा पूरे साज-सज्जा के साथ भगवान श्री कृष्ण के मनोहारी लीलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने बताया पूरी तरह निःशुल्क किए जा रहे इस धार्मिक आयोजन के लिए डॉ.एस.के. अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती किरण अग्रवाल का विशेष सहयोग बना हुआ है।

वहीं इसकी संस्थापिका आशा अग्रवाल (बिलासपुर) का इस कार्यक्रम के प्रति विशेष स्नेह बनाए हुए है। आज मंगलवार 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित उक्त कार्यक्रम रोजाना दोपहर 3:30 बजे से 6:30 बजे तक चलने वाला यह आयोजन पूरी तरह निशुल्क है। कार्यक्रम की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु जनों को उक्त कार्यक्रम का आनंद लेने अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# विजय दिवस समारोह में गुजराती स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन राजनांदगांव द्वार ऑडिटोरियम में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 71 वार हीरोज ऑफ राजनांदगांव, ऑनरी कैप्टेन आर के एस भारद्वाज, मास्टर वारंट अफसर ए आर डडसेना, नायक श्याम राव खोटले, सिपाही कमल कांत दत्ता, सिपाही भगवान सिंग, सभी रिटायर्ड राजनांदगांव के सैनिकों को उनके अभूतपुर साहसिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति गीत, नृत्य भाषण का आयोजन भी किया गया जिसमें जिले की सभी शालाओं ने अपनी सहभागिता दी, गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र / छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे सैनिकों, गणमान्य नागरिकों एवं उपस्थित जन समूह द्वारा खूब सराहा गया, गुजराती स्कूल के प्राचार्य तारिक लालानी सहित शिक्षक शिक्षिका मैथिली सिन्हा, जेसिका धर्मगुडे, साइमा अंजुम, भारती सोनकर और कुनाल पठारिया को भी प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी प्रभारी शिक्षिका भारती सोनकर ने दी।

# वृंदावन से ऋषभ दास जी महाराज माता के दर्शन किए



**3 लाख किलोमीटर की पदयात्रा, 12 ज्योतिलिंग, 40 शक्तिपीठ, बंगलादेश, पाकिस्तान, हिन्दुओं देवी देवालय मठ मंदिर की यात्रा करते माँ बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचे**

डोंगरगढ़(दावा)। वृंदावन से ऋषभ दास जी महाराज अजय पांडे जी ओम अग्निहोत्री जी 3 लाख किलोमीटर की पद यात्रा 12 ज्योतिलिंग, 40 शक्तिपीठ, बंगलादेश, पाकिस्तान, हिन्दुओं देवी देवालय मठ मंदिर की यात्रा करते माँ बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचकर माता जी का आशीर्वाद लिया।

छत्तीसगढ़ के प्रमुख देवालय के दर्शन करते हुए पदयात्रा करते हुए वे नेपाल जाएंगे। ऋषभ दास जी महाराज माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कराकर विहिप के अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने बताया कि बड़े चमत्कारिक कृष्णा जी है।

उनमें कई हट जो अद्भुत है निश्चित तौर पर यह यात्रा सनातनियों को जोड़ने एक मिल का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उनके साथ रहे।

# आईटीआई राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प 20 को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में कैरियर-ट्री द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए 20 दिसम्बर 2024 को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प में सभी शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेंकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, आटोमोबाईल, ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रानिक्स वायरमैन और शीटमेटल के केवल पुरूष उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड के मूल प्रमाण एवं तीन छायाप्रति सेट तथा 5 पासपोर्ट साईज फोटोग्राम) के साथ सम्मिलित हो सकते है।

## अनमोल दावा

> अच्छी नीयत से किया गया काम कभी व्यर्थ नहीं जाता, और उसका फल आपको अवश्य मिलता है।

# नशे के आदी युवाओं में सुधार की गुंजाइश, उपेक्षा के बजाय उसके प्रति करना चाहिए उचित व्यवहार

जब कोई युवा संगति या अन्य वजहों से धूम्रपान, शराब या इससे ज्यादा घातक नशीले पदार्थों का सेवन करने लगता है, तब उसके प्रति एक आम सामाजिक प्रतिक्रिया ऐसी नहीं होती, जिसमें उसके उस जाल में फंसने के कारणों पर गौर करके उससे निकालने की इच्छाशक्ति दिखे।

एक संवेदनशील समाज अपने बीच पल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों की पहचान करता और उसे नजरअंदाज करने के बजाय दूर करने के लिए उचित रास्ते अपनाता है। विडंबना है कि हमारे आसपास कई ऐसी स्थितियां होती हैं, जिन्हें लेकर समाज आमतौर पर उपेक्षा और कई बार उसे खारिज करने का रवैया अख्तियार कर लेता है। नतीजतन वह समस्या और जटिल होती जाती है। समूचे देश के युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती लत या नशे की आदत एक ऐसी समस्या है, जिससे निपटने में समाज से लेकर सरकार तक ने एक तरह की उदासीनता ही दर्शायी है।

बल्कि आमतौर पर मादक पदार्थों के लती युवाओं में सुधार या नशे से मुक्ति की गुंजाइश पैदा करने के बजाय उन्हें सबके लिए खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जबकि यह हमेशा साबित हुआ है कि इस तरह की नकारात्मक सामाजिक प्रतिक्रिया की वजह से जो युवा मादक पदार्थों के दलदल से बाहर आ सकते थे, वे भी अपनी उपेक्षा और खुद को अपमानित किए जाने की वजह से उस संजाल में और ज्यादा उलझते चले जाते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर रोशनी डाली और इससे प्रभावित युवाओं का च्दानवीकरणज् करने के बजाय उनके पुनर्वास पर जोर दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि समाज में एक बड़ा तबका किसी न किसी तरह के मादक पदार्थ का सेवन करता है, मगर इसके समांतर ऐसे लोगों के प्रति एक नकारात्मक भाव भी होता है।

जब कोई युवा संगति या अन्य वजहों से धूम्रपान, शराब या इससे ज्यादा घातक नशीले पदार्थों का सेवन करने लगता है, तब उसके प्रति एक आम सामाजिक प्रतिक्रिया ऐसी नहीं होती, जिसमें उसके उस जाल में फंसने के कारणों पर गौर करके उससे निकालने की इच्छाशक्ति दिखे। इसके उलट इस दुश्चक्र में फंसे युवाओं के बारे में नकारात्मक धारणा बनाई जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि एक लत का शिकार होकर पहले ही उद्वेलन और द्वंद्व के मनोविज्ञान में फंस गया व्यक्ति अपने प्रति अपमानजनक और उपेक्षित रवैये से चोट खाकर और ज्यादा नशे में डूब जाता है।

सवाल है कि नशे के संजाल में फंसे युवा के एक बेहतर मनुष्य होने की उम्मीद पालने वाले समाज को इससे क्या हासिल होता है। व्यवहार मनोविज्ञान की कसौटी पर देखें तो मादक पदार्थों की लत या अनुचित आदत का शिकार हो गए व्यक्ति में भी अपने प्रति संवेदनशील बर्ताव और उचित तौर-तरीके के जरिए बदलाव लाया जा सकता है, उसे इस जाल से बाहर निकाला जा सकता है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मादक द्रव्यों की लत के बहुआयामी कारणों की ओर इशारा किया, जिसमें शैक्षणिक दबाव, पारिवारिक अशांति और नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता शामिल है।

ये कारक ही अक्सर किशोरों और युवाओं के बीच भावनात्मक पलायनवाद के रूप में मादक पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देते हैं। पिछले कुछ समय से इन्हीं जटिल परिस्थितियों का फायदा उठा कर अवैध व्यापार करने वाले इसका इस्तेमाल आतंकवाद और हिंसा को बढ़ावा देने में कर रहे हैं, जिसका दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऐसे में नशे का शिकार होने वाले युवाओं की उपेक्षा करने या उन्हें च्शैतानज् समझने के बजाय उनके प्रति रचनात्मक व्यवहार और उनका पुनर्वास एक ठोस रास्ता है, जो भटके हुए युवाओं को फिर से एक सचेतन और संवेदनशील इंसान बना सकता है।

# संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी ने संसार को दी सीख-मनखे मनखे एक समान

**टीकेश्वर सिन्हा "गब्दीवाला"**



संत शिरोमणि गुरू घासीदास जी छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के पावन भूमि ग्राम गिरौद्पुरी में सन् 1756 को पूस महीना के चौदस तिथि यानी 18 दिसम्बर दिन सोमवार को अवतरित हुए। माहगूदास व अमरौतिन उनके माता-पिता थे। मेहनत-मजदूरी माहगू-अमरौतिन के जीवन निर्वाह का साधन था। पुत्र घासीदास का बचपन अभाव में बीता। उन्हें बचपन वाली विद्या नहीं मिल पायी। अल्प आयु में ही वैवाहिक बंधन में बँधने के कारण उनके जीवन में बहुत ही जल्दी गृहस्थी का दायित्व आ गया। घासीदास के जन्म के सम्बंध में एक दोहा है -

''पौस मास चौदस तिथि, पड़ेव दिन सम्मार।
''भोरहि सूर्योदय समै, गुरू लियो अवतार।''

यौवन के चौखट-पदार्पण होते ही घासीदास जी तत्कालीन भारतीय समाज में फैली विसंगतियों के घोर विद्रोही हो गये। दरअसल समाज में राजतंत्र शासन प्रणाली थी। सामंतवाद का बोलबाला था। आश्रम व्यवस्था थी। वर्ण भेद चरम सीमा पर था। स्पष्ट है, अश्पृश्यता रहनी ही है; और ऐसी सामाजिक व्यवस्था में निर्धनता भला कैसे दूर रह सकती है। इसी सामाजिक विषमता के घेरे में समूचा छत्तीसगढ़ भी घिरा हुआ था। तभी तो घासीदास जी अपने यौवनकाल में ही सामाजिक समरसता और सांसारिक जीवन के एक अमूल्य वस्तु ''सत्'' (सत्य) से अवगत होने के लिए सन्यासी हो गये। सत् जैसे अनमोल वस्तु की प्राप्ति के लिए उन्हें गहन साधना की आवश्यकता पड़ी। वट-पीपल जैसे पवित्र तरुवर को छोड़ कर वे औंरा-धौंरा जैसे साधारण-से वृक्ष के नीचे तपस्या में लीन हो गये। यह घासीदास जी के निम्न वर्ग के प्रति स्नेह व अपनापन भावाभिव्यक्ति का प्रमाण था। सच्ची श्रद्धा व लगन के चलते उन्हें एक चमत्कारिक फल 'सत्' की प्राप्ति हुई। उन्होंने सत्य में ईश्वर को देखा। 'सदा सत्यम् ब्रुयात' सुक्ति पर विश्वास रखा। अब तक उन्हें अवगत हो चुका था कि ईश्वर ही परम व अंतिम सत्य है। तदनंतर इस सत्य को संसार में 'सतनाम' की संज्ञा मिली। वर्षों तक घासीदास जी अपने इस असाधारण खोज सत् को जन-जन के हृदय तक पहुँचाते रहे। परिणामस्वरूप एक पंथ का पादुर्भाव हुआ, जिसे 'सतनाम पंथ' के नाम से जाना गया; और उसके अनुकरण करने वाले 'सतनामी' कहलाये।

समय के साथ सतनाम पंथ के मानने वाले बाबा घासीदास जी के अमर संदेश को संसार को श्रवण कराते रहे। आज भी घासीदास जी की अनमोल वाणी को एक गीतात्मक शैली में कही जाती है, जिसे 'पंथीगीत' के नाम से जाना जाता है। आज पंथी गीत ने किसी विशेष पंथ का गीत न होकर एक जनसामान्य मंचीय लोकनृत्य-गीत का रूप धर लिया है। प्रति वर्ष दिसम्बर महीने के अट्ठारह तारीख को सतनाम पंथीयजन बड़े धूमधाम से श्वेत पताके से सुसज्जित जैतखाम (जयस्तंभ), जो सत्य के अस्तित्व का प्रतीक है, तले बाबा घासीदास जी के तैल चित्र के समक्ष माँदर की थाप व मँजीरे की निक ध्वनि के साथ वृत्ताकार नृत्य करते हुए उन्हें स्मरण करते हैं, आलाप मारते हैं।





आज घासीदास जी जयंती पर विशेष

''लकड़ी जल जल कोयला भये कि,
कोयला जल जल राख ए।
हम मानुस ऐसे जले कि,
कोयला भये न राख ए
कोयला भये न राख कि
होत हे सकल काल की छय
होत हे सकल काल की छय...
बार बार सब प्रेम से बोलो कि
सत्य नाम की जय....।
बोलिए गुरू घासीदास बाबा की जय
सन्ना हो धन्ना
मोर सन्ना हो नन्ना...
हो बाबा गुरू घासीदास
तैं जग म बगराये सतनाम....
तैं धरम के अलख जगाये
तैं गियान के संदेस सुनाये
गाँव-गाँव म खड़े हे जैतखाम
तैं बगराये सतनाम...।''

संतश्रेष्ठ बाबा घासीदास जी ने भी कबीरदास जी की तरह देह को नश्वर बताया। पंचतत्व से निर्मित काया को पंचतत्व में ही विलीन हो जाने की बात कही। उन्होंने मानव देह को एक सजीव पुतले की तरह निरुपित किया। यही सब बातें पंथी गीत में स्वरबद्ध होती हैं।

''ये माटी के काया
ये माटी के काया
कै दिन बर आये हस
तैं बताइदे मोला....।''

अपने समकालीन पथभ्रष्ट समाज को संतवर घासीदास जी ने उचित रास्ता दिखाया। आजीवन जगत के बेशकीमती वस्तु सत्यनाम को लोगों के हृदय तक पहुँचाते रहे। उन्होंने ईश्वर के अस्तित्व को ईंट-प्रस्तर में नहीं होने की बात कही, जिसे संतनाम पंथीय जन सहृदय मुखरित करते रहे हैं -

''मंदिरवा म का करे जइबो
अपन घट ही के देव ल मनइबो
पथरा के देवता हालय नहीं डोलय हो
मन के मंदिरवा ल सजइबो
मंदिरवा म का....।''

सत्यधर्म के चहेता गुरू घासीदास जी अहिंसा के पुजारी थे। जन-जन को सत्य मार्ग में चलने हेतु प्रेरित करते रहे। दलितोत्थान खातिर बाबा जी ने अहिंसा को ही सरल-सुगम बताया। सतनाम के प्रचार-प्रसार खातिर उन्होंने व्यर्थ आडम्बर का सहारा नहीं लिया। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का भ्रमण करते हुए लोगों को इस बात की शिक्षा देते रहे कि कोई आदमी किसी और व्यक्ति के प्रति अपनापन व्यक्त करता है, तो उसके प्रति हार्दिक प्रीत एक समर्पित पुष्प भेंट होता है। यह बात भी सत्य है कि समस्त सांसारिक वस्तुएँ मिथ्या होती हैं, तभी तो सतनामी बंधुजन आज भी श्वेत वर्ण सजे जैतखाम के समक्ष भाव-विभोर होकर नाचते हैं, गाते हैं, झूमते हैं।

''तोला कहँवा ले चढ़ावँव गुरू आरूग फूल
तोला कहँवा के चढावँव गुरू आरूग फूल
गइया के दूध ल बछरू जुठारे हे
तरिया के पानी ल मछरी जुठारे हे
हिरदे के भाव आरूग फूल
तोला इही ल चढ़ावँव गुरू आरूग फूल...।''

महात्मा घासीदास जी जीवनपर्यंत हितोपदेश का संदेश देते रहे। मानवसेवा को जीवन का सार धर्म बताया। जीवन में आत्मज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान की बातें बताई। जन-जन में बड़े मधुर व सहज ढंग से प्रेम एवं भाईचारे का संचार किया। गुरुवर घासीदास जी के कर्मप्रधान मानव जीवन का संदेश हमारे सतनामी बंधुजन के गीतों में सुनने को मिलता है।

'सत के धजा गड़े हे मोर अंगना।
बाबा गुरू घासीदास
जुबाँ-जुबाँ के मीठ भास अरपन हे तोला
पिरीत के दियना, सत के धजा....।'

गुरू घासीदास जी ने निम्नवर्गीय समाज में स्वाभिमान का बिगुल बजाया। समाज को मनखे मनखे एक समान का पाठ पढ़ाया। लोककल्याण का उत्तरोत्तर मार्ग दिखाया। इस तरह संतश्री गुरू घासीदास जी जीवनपर्यंत तत्कालीन समाज को नई राह, नई चाह के मूलमंत्र की महत्ता समझाते हुए सन् 1850 के फरवरी मास के बीस तारीख को ब्रह्मलीन हो गये। आज बाबा जी के भौतिक रूप का प्रत्यक्ष दर्शन सम्भव नहीं है, पर उनके बताये सारतत्व का संग्रह उनकी प्रत्यक्षता का सार प्रमाण है।

''तैं बरत रहिबे बाबा
जुगुर जुगुर दीया कस बरत रहिबे
तैं बरत रहिबे साहेब
जुगुर जुगुर दीया कस बरत रहिबे...''

व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क- 9753269282.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 344 : गंगा पार करने के बाद नाविक को उतराई देने के लिए श्री राम के पास कुछ नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी के भीतर अठखेलियां करती गंगा की लहरों को देखकर उत्साह का बोध हो रहा है। अगर वे यात्रा पर नहीं होते तो संभवतः गंगा नदी को तैरकर पार करने के लिए श्री राम से अनुमति मांग लेते।

नाव गंगा नदी के पार लगी और श्री राम, लक्ष्मण जी, सीता जी तथा निषाद राज गंगा के तट पर बालूयुक्त धरती पर उतरे।

केवट के मन में अत्यंत संतोष है। आज उसके जीवन का सबसे बड़ा मनोरथ पूर्ण हुआ है। आजीविका तो वह अपने श्रम से प्राप्त कर लेता है, लेकिन एक जनप्रिय सेवाभावी राजकुमार को अपनी नौका पर बैठाना स्वयं में एक सुखद अनुभव है।

श्री राम ने नौका से उतरकर श्रमजीवी केवट को धन्यवाद दिया।

'आभार प्रिय श्रमजीवी! तुमने इस नदी को पार कराकर हमारी अत्यंत सहायता की है। वैसे तो आपकी सेवा को मैं अमूल्य मानता हूं फिर भी नदी पार कराने के बाद उतराई ग्रहण करें।'' श्री राम ने कहा।

केवट कोई उत्तर दे पाते, इससे पूर्व निषाद राज ने कहा, ''इसकी आवश्यकता नहीं है श्री राम! क्या मैं मित्र होने के नाते आपके लिए इतना नहीं कर सकता हूं? केवट भाई को उनका पारिश्रमिक मैं प्रदान कर दूंगा।''

श्रमवीर केवट ने कहा, ''राजन! पारिश्रमिक तो मैं ना आपसे लूंगा और ना श्रीराम से। मुझे श्री राम की सेवा का एक सौभाग्य प्राप्त हुआ है और इस तरह आप मुझे पुण्य लाभ से वंचित कर रहे हैं। श्रीराम राज्य के अतिथि हैं और ऐसे में अतिथि सेवा मेरा भी कर्तव्य है।''

वार्तालाप के मध्य श्री राम ने केवट को भेंट देने के लिए स्वयं के पास मुद्रा या कोई वस्तु ढूंढ़ी। वह उन्हें नहीं मिली क्योंकि श्री राम अयोध्या से प्रस्थान के समय अपने साथ रत्न, आभूषण या बहुमूल्य वस्तुएं लेकर नहीं निकले थे। उन्होंने लक्ष्मण जी की ओर देखा। लक्ष्मण जी ने आंखों में संकेत किया कि उनकी पोटलिका में भी कोई भेंट देने योग्य वस्तु नहीं है। अपनी इस असमर्थता पर श्री राम की आंखें भर आईं। सीता जी ने श्री राम के मन की बात जान ली और अपनी रत्नजटित अंगूठी उतारकर श्रमवीर केवट को देने लगीं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सू- दोकू क्र.269

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.268 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |



## सामयिक चर्चा

### यही तो राजनीति है

''केन्द्र में प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में
श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में
छत्तीसगढ़ को मिल रहा है दोहरा लाभ
यानी डबल इंजन की सरकार में
विकास की रफ्तार भी डबल''
पढ़ कर बानी बोले-''गजाधर!
डबल इंजन सरकार में
दोहरा लाभ मिलने की बात ठीक है।
पर केन्द्र और राज्य में अलग-अलग
पार्टी की सरकार हुई तो राज्य को
जितना मिलना चाहिए उतना
क्यों नहीं मिल पाता है?
मुझे कुछ समझ नहीं आता है।
यह सरकार की कौन-सी रीति है?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी?
यही तो राजनीति है।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### शिशु की मानिंद.....

'लोरी' की मद्धम-मद्धम गान लगे
असंख्य दुआएँ समेटे
ज्यों रक्षा कवच ।
जिसे देख-
खिड़कियों के रास्ते आ रहे
'पुरवा' का सुर-सुर सरगम
कोने में रखा हारमोनियम
व्यग्र हो रहे समाहित होने
ममता के सुर में ।
उतर आना चाहे 'लोरी'
हृदय की गहराइयों में।
हौले-हौले आरोह-अवरोह
की राहों से चलते गुजरते।
कोई भी गा सकता है! गीत
सिर्फ माँ ही गा सकती
बाहर किसी आहट बिन
लोरी....
माँ की थपकी
माथ सहलाते
बालों फिरतीं उंगलियों का स्पर्श,
दे रहीं ज्यों
निंदिया रानी को आमंत्रण
आये पंख लगाये
पलकों समाये,
निर्दोष नींद ।
मुखड़े से झलकती मासूमियत,
पलकों पल रहे सपन।
अनायास आती-जाती
होठों की स्मित रेख....
जिसे कहती थी दादी
देव खुद जगाते ,
लाते हैं ये मुस्कान ।
काश! मिल पाए वो नींद,
सो पाता,
शिशु की मानिंद।



रोशन साहू ''मोखला''
(राजनांदगांव) 7999840942

## राशिफल

**मेष** — आपका दिन सुखद रहेगा। आज जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ मिलेगा। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

**वृष राशि** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। समाज में आपकी छवि के अनुसार ही आपको परिणाम मिलेंगे। अगर आप बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। आज पड़ोसी आपसे सहायता मांगेंगे, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आप नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब मौज मस्ती करते हुए नजर आएंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बात शेयर करेंगे। आज समाज में आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आय के नए अवसर मिलेंगे, जिनसे उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आज अचानक धन-लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है। साथ ही आज परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति में सुधार लाने की जरूरत है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं, जिसमें बड़ों का सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन महसूस होगी।

**धनु** — आज आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए वापस मिलेंगे, जिससे आप घर के जरूरत का सामान खरीदेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढ़ेगा।

**मकर** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपनी तैयारी करते रहे, जल्द ही सफलता के योग बने हुए है। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। घुटने से जुड़ी समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। बेवजह की भागदौड़ से आज आपको थकावट महसूस होगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज सुखद परिवर्तन होगा, आपकी पदोन्नति होगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज मेहनत के उपरांत अच्छा लाभ मिलेगा।

**मीन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। व्यापार में आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा, जिससे अच्छा धन लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज बेटे का रिजल्ट पक्ष आ सकता है।

# शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**○ शिविर में 2837 नागरिकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, 42 नागरिकों ने किया रक्तदान,**
**○ 37 नागरिकों के बनाया गया आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड**

राजनांदगांव (दावा)। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2837 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मरीजों का उपचार कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाईयां दी गई। शिविर में 42 नागरिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया एवं एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। 70 वर्ष के अधिक आयु वर्ग के कुल 37 नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाया गया। 1339 हितग्राही एवं वयोवृद्ध की स्वास्थ्य जांच, दन्त जांच, शिशु व स्त्री रोग जांच, अस्थि रोग जांच सहित अन्य जांच की गई। 1293 हितग्राहियों को टीबी स्क्रीनिंग, नशामुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य की जांच की गई। शेष 126 हितग्राहियों का अन्य सह सम्बन्धित स्वास्थ्य जांच किया गया। इस अवसर पर आयोजित मितानिन सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों को सम्मानित किया गया।

शिविर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सर्वश्री दिनेश गाँधी एवं भरत वर्मा, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, कोमल साहू, राकेश देवांगन, योगेश पटेल, लक्ष्मीनरायण गुप्ता, दिनेश साहू, दौना पटेल रोहित गुप्ता, राजेन्द्र ठाकुर, प्रफुल जैन, योगेश पटेल, प्रेम गोस्वामी, हेमंत वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकरी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, तहसीलदार प्यारेलाल नाग उपस्थित रहे। जिला स्तर से भी विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, डॉ. खुमान सिंह मण्डावी, डॉ. रूबी मरकाम, डॉ. भानुप्रिया चौधरी, डॉ कमलेश जंघेल एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर में सेवाएं दी गयी। जिला ब्लड बैंक से जगदीश सोनी एवं उनके टीम द्वारा सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में सेवाएं दी गयी। शिविर का संचालन में खण्ड स्तर से खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रागिनी चंद्रे, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राकेश कुर्रे, बीईटीओ अमृता सलामे, नर्सिंग सिस्टर भुवनेश्वरी देवांगन, सुलोचना रामटेके के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमान्शु नामदेव, डॉ. वर्षा ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. त्रिलोक गंगबोईर, दन्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. ईशिता बागची, चिरायु टीम से डॉ. किरण गायकवाड़, डॉ. भुमिजा तिवारी, डॉ. मीनु पाटिला, डॉ.आशीष वासिंग एवं टीम चिकिसालय के सहयोगी टीम हितेश काटले, पूनम निराला, केशव निराला, प्रभा द्विवेदी, भोजकुमार साहू, भावना बाजपेयी, रविकुमार वैष्णव, संतोष देशलहरे, जसवंत कोड़ापे, घनश्याम साहू, विशाल खत्री, शिप्रा मुटकुरे, जानिक साहू, अरविंद साकरे समस्त पर्यवेक्षक आरएचओ, सीएचओ, मितानिन कार्यक्रम से बीसी, एमटी, मितानिन व चिकित्सालयीन टीम के द्वारा सेवाएं दी गयी।

# नगर में बिना सुरक्षा के ए.टी.एम.




डोंगरगांव (दावा)। नगर में स्थापित सभी बैंकों के ए.टी.एम में ना ही कोई सुरक्षा के उपाय है और न ही वहां सुरक्षाकर्मी रहते है। नागरिकों को अपना राशि निकालने हेतु एवं बैंक के चक्कर ना लगाना पड़े इसलिए नगर में विभिन्न बैंकों द्वारा एटीएम की व्यवस्था तो की गई है लेकिन इनकी सुरक्षा हेतु कोई उपाय नहीं किया गया है। सहकारी बैंक द्वारा स्थापित एटीएम में कुछ वर्षों तक सुरक्षा कर्मचारी की तैनाती की गई थी शुरुआती समय पर लेकिन वो व्यवस्था भी सिर्फ कुछ वर्षों तक चली उसके बाद उन सुरक्षा कर्मचारियों को बैंक के कार्यों में लगा दिया गया। ज्ञात हो कि सहकारी बैंक का उक्त एटीएम नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग तथा ग्रामीण क्षेत्र के किसान उपभोक्ता उक्त एटीएम के माध्यम से अपना लेनदेन करते है, लेकिन सुरक्षा कारणों के साथ एटीएम संबंधित अनभिज्ञता के कारण कुछ ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे कि कभी वाद विवाद की स्थिति भी बन जाती है। उक्त एटीएम में ना तो कोई सुरक्षा कर्मचारी रहते है और ना ही वहां साफ सफाई की जाती है। समय समय पर मेंटनेंस ना होने की वजह से उक्त एटीएम अब जर्जर स्थिति में आ गई है। यही हाल एसबीआई के एटीएम का भी है जहां और भी खराब स्थिति है। यहां तक एटीएम में मवेशियों को घुसे अनेक दफे देखा गया है और गंदगी का आलम तो ऐसा की वहां खड़े रहना संभव नहीं होता।

# पहला कॉलम...

## समाजसेवी व पार्षद दिलीप ओगरे ने कराया बच्चों को न्यौता भोज

### गुरुघासीदास जयंती के एक दिन पूर्व बच्चों को कराया न्यौता भोज



गंडई पंडरिया (दावा)। शासन प्रशासन की न्यौता भोजन योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक15 के युवा ऊर्जावान पार्षद एवं समाजसेवक दिलीप ओगरे ने शासकीय मिडिल स्कूल गंडई जिला केसीजी (छ.ग.) में मंगलवार 17 दिसंबर को बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, इस दौरान उन्होंने बताया की परम पूज्य गुरुघासी दास बाबा के जयंती के अवसर पर एक दिन पूर्व यह कार्यक्रम कराया गया, बता दे कि न्योता भोजन सामुदायिक सहभागिता पर आधारित है यह न्योता भोजन विभिन्न त्योहारो या अवसरो, जैसे वर्षगाठ, जन्मदिन, विवाह, और राष्ट्रीय पर्व आदि पर आधारित है, इस पहल के अंतर्गत स्कुल के उपस्थित दर्ज संख्या 256 बच्चो को न्यौता भोजन कराया गया,

भोजन में दाल, भात, सलाद, पापड़, हलवा और मटर पनीर शामिल रहा। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद नारायण चतुर्वेदी, दीपक भट्ट, अमित टंडन, विक्की टंडन, यावर खान, संकुल समन्वय कौशल राजपूत, शिक्षक मांगीलाल यादव, सुनीता मरकाम संतोष रजक, कमलेश नेताम, पुनेश्वर देवांगन सहित मध्यान्ह भोजन रसोईया एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## यादव समाज ने गरीब तबके के लोगों के लिए बनाया 'सामाजिक सहायता प्रकोष्ठ'

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ वार्ड मोहारा के संस्कार भवन में सिंगदई सर्कल यादव समाज की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में सामाजिक संबंधी बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, अध्यक्ष विशारद यादव द्वारा समाज की बैठक में आने जाने वाले गरीब तबके के लोगों के लिए 'सामाजिक सहयोग प्रकोष्ठ' बनाया गया जिसके माध्यम से समाज के लोगों को दुर्घटना की स्थिति में सहयोग प्रदान किया जाएगा समाज में गरीब परिवार की लड़कियों का किसी कारण पढ़ाई ना रुके उन उन स्थितियों में सहयोग प्रदान किया जाएगा। उपाध्यक्ष पवन यादव ने कहा समाज में गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को शासन से तो शासकीय योजना की माध्यम से इलाज हो जाता है पर दवाई गोली आदि सहित बहुत सारे शारीरिक चेकअप कराने में बहुत रुपए खर्च हो जाते है। इसके अलावा आने-जाने में होने वाले खर्च से आर्थिक भार पहुंचता है। ऐसे लोगों के लिए कुछ आर्थिक सहयोग प्रदान करने यादव समाज द्वारा सहायता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। आयोजित बैठक में सचिव-थनवार यादव, सहसचिव- मनोज यादव, संरक्षक- शिवलाल यादव, देवनारायण यादव, भगवान सिंह यादव, संतोष यादव, बसंत यादव, कुशल यादव, पुरुषोत्तम यादव, गोवर्धन यादव, लालचंद यादव आदि सह बड़ी संख्या यादव जनों की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित जनों ने समाज के उक्त निर्णय का स्वागत किया है।

## रेंगाकठेरा में शिवमहापुराण कथा की तैयारी जोरों पर, आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से होगा वर्णन



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के रेंगाकठेरा (बखत) में शिवमहापुराण की तैयारी जोरों पर है। बाल युवा गणेश उत्सव समिति जनप्रतिनिधियों व धर्मप्रेमी ग्रामवासी कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए है।

परदेशी सोनबोईर ने बताया कि 22 दिसंबर रविवार को बोल बम धुन के साथ कलश यात्रा शुभारंभ किया जायेगा। 9 दिवसीय शिवमहापुराण में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प. रामानुज युवराज पाण्डेय, श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर श्रीमुख से संपन्न होगा। परदेशी सोनबोईर ने समस्त धर्मप्रेमियों से इस शिवमहापुराण कथा में शामिल होने की अपील की है।

## कल हैदलकोड़ो में गुरुघासीदास जयंती एवं मंडई मेला

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम हैदलकोड़ो में सतनामी समाज द्वारा दिनांक 19 दिसंबर दिन गुरुवार को गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि राधेलाल जोशी ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज छुरिया, विशिष्ट अतिथि टीकम दास सतनामी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सतनामी समाज छुरिया, उमाशंकर मारकंडे महासचिव सतनामी समाज छुरिया के मुख्य आथित्य में किया जाएगा, जहां दोपहर 12 बजे शोभायात्रा के पश्चात जयस्तंभ में ध्वजारोहण कर पंथी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है जिसमें नगद पुरस्कार भी रखा गया है। वहीं ग्राम हैदलकोड़ो में 20 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन भी रखा गया है जहां दूरदर्शन कलाकार राजू साहू कृत गुरतुर बोली गंवई के जरहा नवागांव जिला कबीरधाम की प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित है।

# मनेरी में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 22 से



डोंगरगांव (दावा)। शहर से 5 किलोमीटर दुरी पर स्थित ग्राम मनेरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू सदभावना खेल एवं युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में 22 से 28 दिसंबर तक राज्य स्तरीय फूटबाल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।

विदेशी खिलाड़ी आएंगे - फुटबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखण्ड की टीमे हिस्सा लेगी, इसके साथ ही इस आयोजन में विशेष रूप से नासिक की टीम से नाइजीरिया के पुरे 15 खिलाडी ग्राम मनेरी में पहुचने वाले है, जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने के मिल रहा है। आयोजन समिति के नोहर साहू और पोहन साहू ने बताया है कि इस वर्ष विदेशी खिलाड़ी से फोन में चर्चा कर फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने चर्चा किया तो विदेशी खिलाड़ियों ने सहमति दे दी है। आयोजकों ने बताया है कि ग्राम मनेरी में फूटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 1990 से किया जा रहा है जिसे गाँव के विभिन्न टीमों के द्वारा आयोजित किया जाता रहा है एवं आयोजक टीम न्यू मीडिया सदभावना खेल एवं युवा कल्याण समिति के द्वारा पिछले 15 वर्षो से लगातार इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराते आ रहा है। गाँव के स्कूल के पास बीचो-बीच यह छोटा सा मैदान आकर्षण का केंद्र बना है इस वर्ष चारों ओर से दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। सात दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 रु नगद एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 21000 रु नगद एवं ट्राफी से सम्मान किया जाएगा, इनके अलावा 100 किलोमीटर से अधिक दुरी से आने वाले टीमों के रुकने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है तथा उनके आने जाने के लिए मार्ग खर्च भी दिया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन की तैयारी कर ख्याति प्राप्त फुटबाल टीम को आमंत्रित किया है।

# कल नेहरू महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 19 दिसम्बर गुरूवार को छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में महाविद्यालय के रेडरिबन क्लब, एनसीसी एवं एन.एस.एस. ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के पुराने भवन में प्रातः 11 बजें से दोपहर 3:30 बजें तक किया जायेगा। उक्त रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम उपस्थित रहेगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेवती ने बताया कि उक्त रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं सहित नगर एवं आसपास क्षेत्र के नागरिकगण अपनी स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते है। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त की आवश्यकता की पूर्ति एवं रक्तदान के प्रति आमजनमानस में फैली भ्रांतियों को दूर करना है।

# प्रशिक्षणरत नायब तहसीलदारों का दल एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर डोंगरगढ़ पहुंचा

## छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा, रायपुर में प्रशिक्षणरत है नायब तहसीलदार



डोंगरगढ़(दावा)। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम द्वारा डोंगरगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचे प्रशिक्षणरत् नायब तहसीलदारों के दल को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षणरत् नायब तहसीलदार छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा, रायपुर में दिनांक 14.10.2024 से 20.12.2024 तक लोक सेवा आयोग परीक्षा वर्ष 2022 बैच के 29 नायब तहसीलदारों के लिए परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें हिमेश कुमार साहू जिला बलोदा बाजार भाटापारा, सुश्री उमेश्वरी देयागन जिला कांकेर, सुश्री अंजली नागेश कोण्डागांव, दिनेश कुमार नरेश बलरामपुर-रामानुजगज, जयत कुमार बस्तर, गजराज सिंह बलरामपुर-रामानुजगंज, सुश्री प्रभा कश्यप कबीरधाम, अनिल कुमार ध्रुव सुकमा, सुश्री पूनम दंतेवाड़ा, सुश्री गरिमा प्रधान दंतेवाड़ा, प्रवीण कुमार नेताम उ.ब. कांकेर, सुनील कुमार ध्रुव बस्तर, हिमांशु सिंह रायगढ़, चंदन कुमार दुबे सरगुजा, ईश्वर प्रसाद केंवट बलौदाबाजार-भाटापारा, अनुग्रह केरकेट्टा बलरामपुर-रामानुजगज, लोकचंद साहू मोहला-गानपुर-अं. चौकी करण राठिया जशपुर,सुश्री नेहा उके कबीरधाम सुश्री जागृति सक्ती, उन्मेश पटेल रायगढ़, टोपलाल सिदार बिलासपुर, कृष्ण कुमार कंवर, सरगुजा आनंद कुमार गुर्दे सुकमा सुश्री खुशबू नेताम बस्तर, सुश्री भाग्यश्री ज. ब. कांकेर,चन्द्रप्रकाश सिंह, श्रीमती फूलबती,लव कुमा शामिल थे।

दिनांक 17 दिसंबर दिन मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक उक्त सभी नायब तहसीलदारों ने तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ में तहसील की विभिन्न शाखाओं जैसे सीमांकन, फसल कटाई प्रयोग एवं डब्लूबीएन शाखा का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला कलेक्टर द्वारा भ्रमण दिवस में प्रशिक्षणरत् प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने बाबत् तहसीलदार डोंगरगढ़ एवं तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ के संबंधित शाखा (सीमांकन, फसल कटाई प्रयोग एवं डब्लूबीएन शाखा) के प्रभारी लिपिक को निर्देशित करने कहा गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षण संचालक के रूप में श्रीमती रश्मि वर्मा नामदेव भ्रमण दिवस में प्रतिभागियों के साथ उपस्थित रही।

# कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में प्रवेश, कक्षा छठवीं के लिए आवेदन आमंत्रित

मोहला (दावा)। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में कक्षा 6वी के 30 सीटों, अनुसूचित जनजाति-26, अनुसूचित जाति-04, अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य वर्ग-00 के विरुद्ध आवेदन पत्र 16 दिसंबर से 16 जनवरी 2025 तक वितरण एवं जमा कार्यालय समय में अवकाश के दोनों को छोड़कर किया जाएगा। चयन परीक्षा 14 फरवरी 2025 को आयोजित है।

# यूथ एवं इको क्लब के द्वारा डीआरजी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## यूथ एवं इको क्लब के प्रशिक्षण माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को रोकने की दी जानकारी




राजनांदगांव (दावा)। प्लास्टिक के प्रकारों उसके दुष्परिणाम प्रभावों को रोकने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार युथ एवं इको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सुरुचि सिंह जिला पंचायत के मार्गदर्शन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल एवं सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक के निर्देशन में यह प्रशिक्षण 16 और 17 दिसंबर को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में संपन्न हुआ द्य यूथ एवं इको क्लब प्रथम दिवस प्रशिक्षण मे प्लास्टिक के प्रकारों, उसके दुष्प्रभावों को समझाया गया। जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण का पहला दिन जमीन प्लास्टिक साक्षरता पर आधारित बातें बताई गई। जिसमें उन्हें प्लास्टिक के बढ़ते हुए खतरे का सामना भावी पीढ़ी के विद्यार्थियों को किस प्रकार करना है, प्लास्टिक के प्रकारों के साथ मुख्य 3 क्रं से संबंधित एक्टीविटी, जमीन मेला, 12 सप्ताहों तक शालाओं आयोजित होने वाले अनिवार्य और संभावित गतिविधियाँ करवाई गई, प्लास्टिक के कम उपयोग को बढ़ावा देना आदि करवाया गया।

इसी तारतम्य में दूसरे दिवस में स्कूलों में किचन गार्डन कैसे बनाना है उसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन, मिट्टी को उपजाऊ बनाने हेतु जीवामृत, बीजामृत व निमार्ण कैसे बनाना है, सिखाया गया। स्कूल के कम जगह में किस पौधे को कितनी दूरी में लगाना है एवं यूथ व इको क्लब की राशि व्यय व प्रथम क्रिएटिविटी क्लब में पंजीयन कर 21वीं सदी के कौशल की जानकारी दी गई। कार्यशाला समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया की प्लास्टिक, हमारी दिनचर्या का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह टिकाऊ और हल्का होने के कारण कई उत्पादों में इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक के कई प्रकार होते हैं और इनका पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

### प्लास्टिक के प्रकार

प्लास्टिक को विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है, जो उनके रासायनिक संरचना और गुणों के आधार पर होते हैं। डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने कहा कि आप लोगों के द्वारा दो दिवस में प्रशिक्षण के दौरान जो बताया गया है उसे शालाओं में क्रियान्वित करने कहा गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी रफीक अंसारी एपीसी पेडागाजी, पी.आर. झाड़े एडीपीओ, संस्था के प्राचार्य सी.आर.वर्मा, मास्टर ट्रेनर्स विकास हरिहारणों एवं अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहे।

# चतुर्थ राज्य स्तरीय सब जूनियर जूजित्सू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता बालोद में संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। चतुर्थ राज्यस्तरीय सब जूनियर जूजित्सू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में किया गया जिसमें वसुंधरा जूजित्सु एकेडमी डोंगरगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण पदक तीन रजत पदक 6 कांस्य पदक प्राप्त किए। एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक राणा अजय सिंह ने जानकारी दी की फरवरी एवं मार्च में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों द्वारा ज्यादा से ज्यादा पदक प्राप्त किया जा सके। इस उपलब्धि पर जिला संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, प्रकाश चौरड़िया, सुनील जैन सचिव, तरुण वरकड़े कोषाध्यक्ष, श्रीमती पूनम टेंभुरकर, बाबुराव जनबंधु, त्रिलोक जाम्भुलकर, चंद्रहास साहू आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

### खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण तीन रजत एवं 6 कांस्य पदक प्राप्त किए

8 वर्ष से कम आयु वर्ग में 28 किलोग्राम से कम वजन समूह में आरवी रामटेके ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में 28 किलो से कम में आहान रामटेके ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 36 किलोग्राम से कम वजन समूह में शौर्य प्रताप सिंह चौहान ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक सुयश साहू ने नेवाजा में कांस्य पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 52 किलोग्राम से कम में देवांश अग्रवाल नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 14 वर्ष से कम बालिका 40 किलोग्राम से कम में अनुष्का चंदेल नेवाजा में रजत पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक हेमाश्री जघेल ने नेवाजा में कांस्य पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक 57 किलोग्राम से कम में काव्या साहू ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक 14 वर्ष से कम बालक में 36 किलोग्राम वो वजन समूह से कम में राणा विक्रम सिंह ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 48 किलोग्राम से कम वजन समूह में श्रीकांत यादव ने नेवाजा में रजत पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक प्राप्त किया।

# ग्राम बागनारा में सद्भावना शिविर एवं गुरु घासीदास लोक कला उत्सव का आयोजन 19 दिसंबर को

मोहला (दावा)। ग्राम बागनारा विकासखंड अंबागढ़ चौकी में 19 दिसंबर 2024 को सद्भावना शिविर एवं शह गुरु घासीदास लोक कला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य अस्पृश्यता निवारण हेतु लोगों को जागरूक करना है ताकि समाज में आपसी सद्भावना को बढ़ावा दिया जा सकें। इस अवसर पर गुरु घासीदास के संदेशों पर चलने की प्रेरणा दी जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पंथी नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जो गुरु घासीदास के आदर्शों और लोक संस्कृति को जीवंत करेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में संपर्क कर सकते हैं।

# पहला कॉलम...

## ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हुआ टेस्ट सीरीज से बाहर

नई दिल्ली। ब्रिस्टेन टेस्ट मैच में मजबूत स्थिति में दिख रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक झटका लगा है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड चोटिल हो गए हैं और वह पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उन्हें मैच के चौथे दिन पिंडली में चोट लगी जिसके कारण वह मंगलवार को सिर्फ एक ही ओवर फेंक सके। उन्हें खेल शुरू होने से पहले ट्रेनिंग में ये चोट लगी। हेजलवुड को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भी चोट लग गई थी। इसी कारण वह एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले। तीसरे टेस्ट मैच में उन्होंने वापसी की। हेजलवुड ने अच्छी गेंदबाजी की थी लेकिन एक बार फिर वह चोट लगा बैठे और अब उनके सीरीज में से बाहर होने का खतरा है। हेजलवुड ने को स्कैन के लिए ले जाया गया है और इसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने बताया कि वह पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा, ÷वह सीरीज के बाकी मैच मिस कर सकते हैं। उनके विकल्प का ऐलान कुछ ही दिनों में किया जाएगा।

## वानुअतु में भूकंप से मची तबाही

विला। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र वानुअतु में मंगलवार को जबरदस्त भूकंप आया। वानुअतु की राजधानी पोर्ट विला में आए इस भूकंप ने तबाही मचा दी। भूकंप से कई इमारतें और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं और एक व्यक्ति के मारे जाने की खबर है।

स्त्रस् (अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण) के अनुसार, भूकंप का केंद्र वानुअतु के सबसे बड़े शहर पोर्ट विला से 30 किलोमीटर पश्चिम में 57 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता 7.4 मैग्नीट्यूड आंकी गई। वानुअतु के सरकारी टीवी चैनल ङ्कक्कञ्जष्ट की एक फुटेज भी सामने आई, जिसमें लोगों से भरी सड़क पर एक इमारत ढहने से कई वाहन कुचले गए। चैनल ने बताया कि ढही हुई इमारत में एक व्यक्ति फंस गया था। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है और घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पोर्ट विला को अंतरराष्ट्रीय शिपिंग टर्मिनल से जोड़ने वाली सड़क भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गई है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई कई फुटेज में एक इमारत की खिड़कियों के शीशे टूटे हुए और कंक्रीट के खंभे ढहते हुए दिखाई दिए। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।

## मॉस्को बम ब्लास्ट में रूस के परमाणु प्रमुख की मौत

मॉस्को। रूस-यूक्रेन युद्ध की इस वक्त की सबसे सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। मॉस्को में एक बम ब्लास्ट में रूस के परमाणु प्रमुख के मारे जाने की खबर ने क्रेमलिन से लेकर पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार को मॉस्को में हुई। बताया जा रहा है कि एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में बम छिपा कर रखा गया था। रूस की जांच समिति ने कहा कि इसमें रूसी परमाणु सुरक्षा बलों के प्रभारी एक वरिष्ठ रूसी जनरल की मौत हो गई। रियाज़ान्स्की प्रॉस्पेक्ट पर एक अपार्टमेंट इमारत के बाहर रूस के परमाणु जैविक और रासायनिक सुरक्षा सैनिकों के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव इस ब्लास्ट में मारे गए थे। यह ब्लास्ट क्रेमलिन से लगभग सात किमी (4 मील) दक्षिण-पूर्व में एक सड़क पर हुआ। रूस की जांच समिति के अनुसार इस बम ब्लास्ट में रूसी संघ के सशस्त्र बलों के विकिरण, रासायनिक और जैविक सुरक्षा बलों के प्रमुख इगोर किरिलोव के अलावा उनके सहायक भी मारे गए। रूसी टेलीग्राम चैनलों पर पोस्ट की गई तस्वीरों में मलबे से अटी पड़ी एक इमारत का टूटा हुआ प्रवेश द्वार और खून से सने बर्फ में दो शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। रॉयटर्स फुटेज में घटनास्थल पर पुलिस घेरा दिखाई दे रहा है। रूस के परमाणु वैज्ञानिक की बम ब्लास्ट में मौत ने राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन भी हैरान है। इसके आतंकी हमले होने की आशंका जताई जा रही है।

## शेयर बाजार में सेंसेक्स 1,064 अंकों की जोरदार गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 1,64.12 अंकों की जबरदस्त गिरावट के साथ 80,684.45 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 332.25 अंकों की जोरदार गिरावट के साथ 24,336.00 के लेवल पर बंद हुआ। साथ ही निफ्टी बैंक भी 746.55 अंक लुढ़ककर 52,834.80 के लेवल पर टिका। आज के कारोबार में श्रीराम फाइनेंस, भारती एयरटेल, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प और जेएसडब्ल्यू स्टील निफ्टी पर सबसे ज्यादा नुकसान वाले स्टॉक्स रहे, जबकि सिप्ला को फायदा हुआ। इंडेक्स की बात करें तो सभी लाल निशान पर बंद हुए, जिनमें ऑटो, बैंक, ऊर्जा, धातु, तेल और गैस में 1-1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.5-0.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# महिला अंडर-19 : विश्व क्रिकेट में पाकिस्तान को नेपाल ने चटाई धूल

नई दिल्ली। महिला अंडर-19 एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का आगाज 15 दिसंबर को हुआ था. इस बीच सोमवार को ग्रुप बी के मैच में पाकिस्तान और नेपाल का आमना-सामना हुआ, जिसमें नेपाल ने 6 विकेट से जीत दर्ज करके क्रिकेट जगत को हैरत में डाल दिया है. अब नेपाल ने अंडर-19 एशिया कप के सुपर-4 में जगह बना ली है, वहीं पाक टीम ग्रुप स्टेज में अपने दोनों मैच हारने से टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है. पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 104 रन बनाए थे. जवाब में नेपाल टीम ने एक ओवर शेष रहते 6 विकेट से इस मुकाबले को जीता है.

नेपाल की कप्तान पूजा महातो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. पहले उन्होंने अपने 4 ओवर के गेंदबाजी स्पेल में 27 रन देकर 2 विकेट लिए. वहीं जब बैटिंग की बारी आई तो पूजा ने 47 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाने में बहुत बड़ा योगदान दिया. पाकिस्तान के लिए एक समय 100 रन बना पाना भी मुश्किल प्रतीत हो रहा था, लेकिन कोमल खान ने 38 रन और महम अनीस ने 29 रन की पारी खेल अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में मदद की. पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर



महिला अंडर-19 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान और नेपाल को ग्रुप बी में रखा गया था. ग्रुप मुकाबले में टीम इंडिया पहले ही पाकिस्तान को 9 विकेट से रौंद चुकी थी. यदि पाक टीम को सुपर-4 में प्रवेश पाना था तो उसे हर हालत में नेपाल पर जीत दर्ज करनी थी. खैर अब नेपाल ने यादगार जीत दर्ज करके सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई है. ग्रुप ए पर नजर डालें तो उसमें श्रीलंका, बांग्लादेश और टूर्नामेंट के होस्ट मलेशिया को जगह दी गई थी. इस ग्रुप में श्रीलंका 2 मैच में एक जीत दर्ज करने के बाद अभी टेबल के टॉप पर मौजूद है. इस ग्रुप में बांग्लादेश और मलेशिया का मैच बाकी है. नेट रन रेट को देखते हुए संभावनाएं बहुत अधिक हैं कि ग्रुप श्रीलंका और बांग्लादेश ही सुपर-4 स्टेज में जाएंगे.

# सोने के इंपोर्ट में तेजी से बढ़ी मुश्किलें!

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संकट की घड़ी है. निर्यात पर भारी मार पड़ी है. आयात ने सारी सीमाएं तोड़ दी है. इस कारण व्यापार घाटा चरम पर पहुंच गया है. सोने ने भी आयात के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. ऐसे में खजाने से विदेशी मुद्रा भंडार खाली होगा. डॉलर के मुकाबले रुपया टूटेगा. रोजगार से लेकर करोबार तक पर इसकी मार पड़ने वाली है. भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं. इसके मुताबिक, भारत का व्यापार घाटा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए नवंबर में 37.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. वहीं सोने का आयात भी रिकॉर्ड ऑल टाइम हाई पर है. नवंबर में 14.8 अरब डॉलर के सोने का आयात हुआ है.

जानकारों की मानें तो व्यापार घाटे यानी आयात का निर्यात से अधिक होने की स्थिति इस तरह भयानक हो जाने का सब बड़ा कारण सोने की आयात में उछाल है. क्योंकि 37.84 अरब डॉलर के आयात में अकेले सोने की हिस्सेदारी 14.8 अरब डॉलर की है. पिछले साल नवंबर महीने की तुलना में भारत का निर्यात 4.85 फीसदी गिरकर 32.11 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर महीने की तुलना में भारत का आयात 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर पर चला गया है. खाद्य तेल, चांदी और उर्वरक की काफी अधिक मांग होने के कारण आयात इस तरह बढ़ रहा है.

# रोहन जेटली फिर चुने गए डीडीसीए के चीफ

नई दिल्ली। अरूण जेटली के बेटे रोहन जेटली को एक और कार्यकाल के लिए अध्यक्ष ा चुना गया है। उन्हें तीसरी बार दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के चीफ की कुर्सी मिली है। उन्होंने भारत के पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को चुनाव में आसानी से मात दी। 35 साल के रोहन को 1577 वोट मिले जबकि आजाद को 777 वोट पड़े। कुल 2413 वोट डाले गए थे और जीतने के लिए 1207 वोट चाहिए थे।



रोहन जेटली 2020 में निर्विरोध चुने गए थे जब रजत शर्मा ने बीच में ही पद छोड़ दिया था। एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। दिवंगत अरूण जेटली 14 साल तक डीडीसीए अध्यक्ष रहे थे। रोहन को बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना का समर्थन हासिल था, जिनका दिल्ली क्रिकेट में काफी दबदबा माना जाता है। सीके खन्ना की बेटी शिखा ने उपाध्यक्ष पद के चुनाव में राकेश कुमार बंसल और सुधीर कुमार अग्रवाल को हराया। तीनों को क्रमशः 1246, 536 और 498 वोट मिले। अशोक कुमार (893) सचिव चुने गए जबकि हरीश सिंगला (1328) कोषाध्यक्ष बने। अमित ग्रोवर (1189) संयुक्त सिचव होंगे। सभी पदाधिकारी तीन साल के लिए चुने गए हैं। अन्य में आनंद वर्मा (985), मनजीत सिंह (1050), नवदीप एम (1034), श्याम शर्मा (1165), तुषार सहगल (926), विकास कत्याल (1054) और विक्रम कोहली (939) निदेशक के पद पर चुने गए।

# गाबा टेस्ट में बैकफुट पर ऑस्ट्रेलिया टीम भारत ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे

नई दिल्ली। चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट गंवाकर 252 रन बना लिए हैं। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप की बहादुरी भरी बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने फॉलोऑन बचा लिया है। दोनों नाबाद हैं। इसके अलावा रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने भी शानदार बल्लेबाजी की और अर्धशतक लगाया।



आकाश 27 और बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच 10वें विकेट के लिए अब तक 54 गेंद में 39 रन की साझेदारी हो चुकी है। यानी दोनों अब तक नौ ओवर बल्लेबाजी कर चुके हैं। इस दौरान इन दोनों ने मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों का डट कर सामना किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया अभी भी 193 रन पीछे है। फॉलोऑन बचाने के लिए भारत को 246 रन बनाने थे।

जैसे ही आकाश ने चौका लगाकर फॉलोऑन बचाया। ड्रेसिंग रूम में मौजूद रोहित शर्मा, विराट कोहली और गौतम गंभीर जोश में अपनी कुर्सी से कूद पड़े। तीनों ने एकदूसरे को हाई फाइव दिया। जब आकाश और बुमराह वापस ड्रेसिंग रूम लौट रहे थे तो तीनों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। साथ ही फैंस ने भी दोनों को स्टैंडिंग ओवेशन दिया। आकाश ने फॉलोऑन बचाने के बाद एक जोरदार छक्का भी जड़ा। अब एक दिन का खेल बचा है। यह टेस्ट ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है।

भारत ने मंगलवार को चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलना शुरू किया। हालांकि, जल्द ही रोहित शर्मा के रूप में टीम को पांचवां झटका लगा। रोहित 10 रन बनाकर कमिंस का शिकार बने। इसके बाद राहुल ने जडेजा के साथ 67 रन की साझेदारी निभाई। राहुल शतक से चूक गए और 139 गेंद में आठ चौके की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद नीतीश रेड्डी और रवींद्र जडेजा ने सातवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी निभाई। नीतीश 16 रन बनाकर कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं, सिराज एक रन बना सके। वहीं, दूसरे छोर पर मौजूद जडेजा ने टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक लगाया। वह नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें कमिंस ने मार्श के हाथों कैच कराया। जडेजा ने 123 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 77 रन की पारी खेली।

इसके बाद बुमराह और आकाश ने हिम्मत दिखाई और भारत को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया। दोनों ऑस्ट्रेलिया की लीड को और कम करने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान कमिंस ने अब तक चार विकेट लिए हैं। वहीं, मिचेल स्टार्क को तीन विकेट मिले।

# जो रूट ने 2024 में बनाए 1,500+ टेस्ट रन, रिकी पोंटिंग के रिकॉर्ड की बराबरी की

नईदिल्ली । इंग्लैंड क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में 423 रन से करारी शिकस्त मिली।हैमिल्टन में हुए इस मुकाबले में जो रूट ने अपनी पहली पारी में 32 और दूसरी पारी में 54 रन बनाए।इस बीच रूट ने 2024 में 1,500 रन का आंकड़ा भी पार किया। वह एक कैलेंडर वर्ष में एक से अधिक बार 1,500+ रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।



इंग्लैंड ने इस साल का अपना आखिरी टेस्ट खेल दिया है। ऐसे में रूट ने 2024 में 17 मैच खेले, जिसमें 55.57 की औसत के साथ सर्वाधिक 1,556 रन बनाए।इस बीच उन्होंने 262 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 5 अर्धशतक लगाए।इससे पहले रूट ने 2021 में 15 मैचों में 61.00 की औसत के साथ 1,708 रन बनाए थे। उन्होंने उस साल 6 शतक लगाए थे।

रूट से पहले सिर्फ रिकी पोंटिंग ही एक कैलेंडर वर्ष में एक से अधिक बार 1,500+ रन बना चुके थे।पोंटिंग ने 2003 में 1,503 रन और 2005 में 1,544 रन बनाए थे। उन्होंने इन दोनों सालों में 11-11 मैच खेले थे।रूट और पोंटिंग के अलावा केवल 5 अन्य बल्लेबाजों ने एक कैलेंडर वर्ष में 1,500 से ज्यादा टेस्ट रन बनाए हैं

।मोहम्मद यूसुफ, विव रिचर्ड्स, ग्रीम स्मिथ, माइकल क्लार्क और सचिन तेंदुलकर ऐसा कर चुके हैं। रूट अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने इस मामले में जावेद मियांदाद को पीछे छोड़ा है।कीवी टीम के खिलाफ रूट ने 21 टेस्ट की 40 पारियों में 53.47 की औसत के साथ 1,925 रन बनाए हैं।दूसरी तरफ पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज मियांदाद ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 टेस्ट में 79.95 की औसत के साथ 1,919 रन बनाए थे। अपने बेमिसाल टेस्ट करियर में रूट ने 152 मैचों में 50.87 की औसत के साथ 12,972 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 262 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 36 शतक और 65 अर्धशतक अपने नाम किए हैं।

# पैट कमिंस टेस्ट में तीसरे सर्वाधिक विकेट वाले कप्तान बने, वेस्टइंडीज के दिग्गज को पीछे छोड़ा

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तीसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के नितीश रेड्डी के रूप में अपना तीसरा विकेट चटकाया।इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बने हैं।उन्होंने इस मामले में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान गैरी सोबर्स (117) को पीछे छोड़ा है।आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



बतौर कप्तान कमिंस ने अब तक 31 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 24 की औसत के साथ 118 विकेट लिए हैं।उनसे ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान सिर्फ पाकिस्तान के इमरान खान और ऑस्ट्रेलिया के रिची बेनाउड हैं।बता दें कि इमरान ने 48 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 20.26 की औसत के साथ 187 विकेट लिए थे।बेनाउड ने 56 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 25.78 की औसत के साथ 138 विकेट चटकाए थे ब्रिसबेन में खेले जा रहे टेस्ट की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के 445 रन के जवाब में भारत ने चौथे दिन के दूसरे सत्र के समापन तक 201/7 का स्कोर बनाया है। भारत को फॉलोऑन टालने के लिए 45 रन की दरकार है।इस समय क्रीज पर अर्धशतक लगा चुके रविंद्र जडेजा (65), और मोहम्मद सिराज (1) मौजूद हैं।ऑस्ट्रेलिया से कमिंस ने अब तक 3 विकेट चटकाए हैं।

**0 'मोहब्बत दुकान से बेचने की चीज नहीं ....**

उन्होंने कहा कि आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी।

**कांग्रेस ने किए सबसे ज्यादा संशोधन- शाह**

संविधान में पहला संशोधन 18 जून 1951 को हुआ था। संविधान समिति ने यह संशोधन इसलिए किया क्योंकि कांग्रेस पार्टी आम चुनावों का इंतज़ार करने को तैयार नहीं थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए संविधान में अनुच्छेद 19 जोड़ा गया था और इस बदलाव को जवाहर लाल नेहरू ने लागू किया था, जो उस समय प्रधानमंत्री थे।

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तनशील नहीं माना गया। समय के साथ-साथ देश भी बदलना चाहिए, समय के साथ-साथ कानून भी बदलने चाहिए और समय के साथ-साथ समाज भी बदलना चाहिए। परिवर्तन इस जीवन का मंत्र है, सत्य है। इसको हमारे संविधान सभी ने स्वीकार किया था। इसलिए आर्टिकल 368 में संविधान संशोधन के लिए प्रोविजन किया गया था। अभी कुछ राजनेता आए हैं और 54 साल की आयु में अपने आप को युवा कहते हैं और घूमते रहते हैं कि संविधान बदल देंगे, संविधान बदल देंगे। मैं उनको कहना चाहता हूं कि संविधान के प्रावधानों को बदलने का प्रोविजन आर्टिकल 368 के अंदर संविधान में ही है।

**संविधान लहराते किसी को नहीं देखा- शाह**

उन्होंने कहा कि अभी हाल में हुए चुनाव में हमने अजीबो-गरीब नजारा देखा। इतने साल चुनाव हुए, लेकिन मैंने आज तक किसी को आम सभाओं में संविधान को लहराते नहीं देखा। संविधान को लहराकर और झूठ बोलकर कुत्सित प्रयास कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया। संविधान लहराने और बहकाने का मुद्दा नहीं है, संविधान विश्वास है, संविधान श्रद्धा है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि हर गांव में मोहब्बत की दुकान खोलने की महत्वाकांक्षा रखने वाले लोग की भाषण भी हमने बहुत सुने हैं। मोहब्बत दुकान से बेचने की चीज नहीं है, मोहब्बत प्रचार

## प्रथम पेज का शेष

की चीज नहीं है। मोहब्बत दिल में बसाने का जज्बा है, मोहब्बत दूसरों को महसूस कराने का लम्हा है।

**0 नहीं चल रहा 'आयुष्मान': भुगतान हुआ....**

इलाज नहीं करते हैं तो डी इंपेनलमेम्ट करेंगे। आयुष्मान का लाभ नहीं देंगे। लंबित भुगतान के लिए 300 करोड़ और मिला है।

**भुगतान कब होगा ये बताएं- भूपेश बघेल**

इसी दौरान चर्चा में शामिल होते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- 1400 करोड़ का भुगतान रुका है। छोटे- छोटे अस्पताल बंद हो गए हैं। इलाज नहीं हो रहा, कब तक भुगतान होगा बताएं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- आप जितना छोड़कर गए थे, उससे देनदारी कम ही है। 300 करोड़ और कम हो जायेंगे, जल्दी ही देने का प्रयास करेंगे।

**कभी भी डिबेट को तैयार - जायसवाल**

इस पर श्री बघेल ने कहा- मलेरिया और डायरिया से मौत हो रही है, क्या हालत हो गई है। तब स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- कभी भी डिबेट करा लीजिए, आपके समय क्या स्थिति थी और अभी क्या है।

**0 'घंटों नहीं, स्मार्ट तरीके से काम करो'....**

सुबह जल्दी उठकर उठकर रोज व्यायाम करते हैं। वे जो सलाह दूसरों को देते हैं खुद भी उसका पालन करते हैं। वे अपनी नींद के प्रति सख्त हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा 'आप मुझे रात के समय नहीं मिल पाएंगे, क्योंकि मैं सो रहा होता हूं।'

**मज़ाक-मस्ती करना बहुत जरूरी है- माइकल डेल**

माइकल डेल ने युवाओं को सलाह देते हुए कहा, 'मेरा मानना है कि काम के दौरान मज़ाक-मस्ती करना बहुत जरूरी है। अगर आप काम के दौरान हंस नहीं सकते, मज़ाक नहीं कर सकते, तो आप गलत कर रहे हैं। नए काम आजमाओ, जोखिम उठाओ, गलतियां करो, मुश्किल चुनौतियों का सामना करो, डरो मत, कुछ मूल्यवान करो और साहसी बनो।'

**0 साय सरकार का एक साल: छत्तीसगढ़....**

संख्या में सेवा श्रेणी के उद्यमों को भी औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए पात्र उद्यम माना गया है जिसमें पर्यटन, मनोरंजन, अन्य सामाजिक सेवाओं के सेक्टर, सरगुजा और बस्तर संभाग में होम-स्टे सेवाओं को भी शामिल किया गया है।

**विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेष नीति**

नई औद्योगिक नीति में फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाईल, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और गैर काष्ठ वनोत्पाद (एनटीएफपी) प्रसंस्करण, कम्प्रेस्ड बॉयो गैस, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस (ए.आई), रोबोटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग (जी.पी.यू), आई.टी., आई.टी.ई.एस., डेटा सेंटर, जल विद्युत परियोजनाओं, सौर ऊर्जा परियोजनाओं आदि के लिए आकर्षक पृथक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान है। इस नीति के माध्यम से युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यम क्रांति योजना का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए अनुदान युक्त ऋण प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

**जिस सेक्टर में रोजगार के नए अवसर हैं उसके लिए विशेष प्रावधान**

थ्रस्ट सेक्टर के ऐसे उद्योग जहां राज्य का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ है और जहां भविष्य के रोजगार आ रहे हैं, उन क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान है। राज्य के कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को देश के औद्योगिक मानचित्र में स्थान दिलाने के लिए इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना का प्रावधान है। नई औद्योगिक नीति के निर्माण के लिए उद्योग विभाग द्वारा संबंधित सभी हितपक्षों, औद्योगिक संगठन, औद्योगिक समूहों, संबंधित विभागों के साथ एक साल तक संवाद करके गहन परामर्श किया गया। देश के अग्रणी राज्यों की औद्योगिक नीतियों का अध्ययन करने के बाद राज्य की अनिवार्य स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रावधानों को इसमें शामिल किया गया है।

**विकासखंडों को तीन समूहों में बांटा गया**

नई नीति के माध्यम से राज्य के सभी क्षेत्रों के समग्र, संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास को ध्यान में रखकर विकासखंडों को तीन समूहों में बांटा गया है। प्रथम समूह में 10 विकासखंड विकासशील, द्वितीय समूह में 61 विकासखंड पिछडे और तृतीय समूह में 75 विकासखंड जो औद्योगिक के मामले में अति पिछडे हैं, उन्हें शामिल किया गया है।

# मार्शल लॉ पर घिरे साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल, संसद में योल को हटाने के लिए हुआ मतदान



नई दिल्ली। साउथ कोरिया के राष्ट्रपति युन सुक योल देश में मार्शल लॉ लगाने के असफल प्रयास के चलते घिरते ही जा रहे हैं. साउथ कोरिया की संसद में सांसद राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग लेकर आए हैं. 300 सांसदों में से 204 ने विद्रोह के आरोप में महाभियोग के पक्ष में वोट दिया, जबकि 85 ने इसके खिलाफ वोट दिया और तीन सांसदों ने मतदान में भाग नहीं लिया और आठ वोट रद्द कर दिए गए.

महाभियोग के बाद राष्ट्रपति को उनकी सरकारी जिम्मेदारियों से निलंबित कर दिया है. महाभियोग प्रस्ताव को पारित होने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत थी, प्रस्ताव में आरोप लगाया कि यून ने दंगों की एक श्रृंखला का आयोजन करके और नेशनल असेंबली और जनता को धमकी देकर विद्रोह किया है.

यून की राष्ट्रपति शक्तियों और कर्तव्यों को निलंबित कर दिया गया है और प्रधानमंत्री हान डक-सू ने अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाला है. संवैधानिक न्यायालय अब इस बात पर विचार-विमर्श करेगा कि यून को हटाने को बरकरार रखा जाए या नहीं. इसका फैसला 180 दिनों के भीतर होने की उम्मीद है

यदि न्यायालय यून के खिलाफ फैसला सुनाता है, तो वह दक्षिण कोरियाई इतिहास में दूसरे राष्ट्रपति बन जाएंगे, जिन पर सफलतापूर्वक महाभियोग चलाया जाएगा. जिसके 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे. पिछले दो सप्ताह से हर रात हजारों लोग कड़ाके की ठंड का सामना करते हुए राजधानी सियोल की सड़कों पर हैं और यून को पद से हटाने तथा गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं.3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के यून के प्रयास की व्यापक रूप से आलोचना की गई थी.

# कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल की शिकायत पर मुक्तिधाम में पसरे गंदगी की हुई सफाई





खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के अगुवाई में कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई में लगातार वार्डवासियों की शिकायत पर शहर के वीआईपी वार्ड राज फैमिली के मुक्तिधाम का निरीक्षण किया गया था तथा मुक्तिधाम में पसरे गंदगी कचरा वह कटीले झाड़ियां सहित प्रतीक्षालय में व्याप्त गंदगी को देखकर मौके पर फोन लगाकर नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक टोडर सिंह को बुलाकर सच्चाई दिखाया गया तथा विधायक प्रतिनिधि देवांगन ने जमकर फटकार लगाया था। जल्द सरकारी व्यवस्था मुहैया कराकर साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया था। सोमवार सुबह प्रभारी नगर पालिका अधिकारी कमल नारायण जंघेल ने स्वयं मुक्तिधाम पहुंचकर मौका निरीक्षण किया और तत्काल सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका के मजदूरों को काम में लगाया मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की है। सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। नगर पालिका के मजदूरों को तुरंत काम पर लगाया गया।

मंगलवार सुबह कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल की मुक्तिधाम में पहुंचकर मौके पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा मुक्तिधाम में सफाई का काम शुरू हो गया है। लंबे समय से यहां सफाई न होने के कारण मुक्तिधाम की स्थिति काफी खराब हो गई थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सफाई कर्मचारियों को मौके पर भेजा। जेसीबी मशीनों की मदद से कटीले झाड़ियों को हटाया जा रहा है। मुक्तिधाम में नगर पालिका द्वारा तत्परता से सफाई करवाने पर जिला प्रशासन व नगरपालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनराखन देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, रविंदर सिंह गहरवार, महेश यादव, भारत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# विजय दिवस समारोह में गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ द्वारा विजय दिवस समारोह में शानदार प्रस्तुति दी गई। उक्त समारोह का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया था।

वर्ष के प्रत्येक 16 दिसंबर को भारतीय सेनाओं के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उनके सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। 16 दिसंबर 1971 को ही भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तानी सेनाओं को परास्त करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और बांग्लादेश को आजादी मिली थी। इसी तारतम्य में विजय दिवस समारोह में जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से सराबोर सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया जिसमें गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति से सभी भाव-विभोर होकर भारत माता की जयकारें के नारे से सभागार गुंजायमान कर दिया।

इस सामूहिक नृत्य में कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी जिन्हें शाला की नृत्य शिक्षिका श्रीमती भारती यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था।

इस प्रस्तुति की भूरिभूरि प्रशंसा सभी ने की। विद्यार्थियों की इस सुन्दर प्रस्तुति पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्डा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन हेतु आवेदन आमंत्रित

मोहला (दावा)। भारत सरकार द्वारा 2008 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम नामक क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम को आरंभ किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित करना है। योजना के अंतर्गत निर्माण क्षेत्र हेतु अधिकतम लागत 50.00 लाख तथा सेवा कार्य एवं व्यवसाय क्षेत्र हेतु अधिकतम लागत 20.00 लाख निर्धारित है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आवेदन पश्चात् एवं बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रवार एवं आवेदक के वर्ग अनुसार 15 प्रतिशत् से 35 प्रतिशत के अनुदान स्वीकृत किया जाता है। निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत फ्लाई एश ब्रिक्स, स्टोन कटिंग, अगरबत्ती निर्माण साबुन निर्माण, वाशिंग पाउडर निर्माण, फेब्रिकेशन संबंधी कार्य, दोना पत्तल निर्माण, फर्नीचर निर्माण, आलमारी निर्माण, स्टील रेक, कूलर निर्माण, पेपर कनवर्टिंग वर्क्स नोटबुक, रजिस्टर इत्यादि, इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन से प्लास्टिक आयटम निर्माण, सीमेंट फेंसिंग पोल, सीमेंट टाईल्स, चेन लिंक फेंस, बारवेड वायर, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर पेंट, बैग निर्माण, रजाई गद्दा निर्माण, जूता चप्पल निर्माण, आदि निर्माण से संबंधित इकाई इस योजना के अंतर्गत पात्र है। सेवा क्षेत्र के अंतर्गत टेंट हाऊस, शाकाहारी होटल/ढाबा, सभी प्रकार के रिपेयरिंग/सर्विसिंग कार्य, मोटर बाईंडिंग, मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर, ड्राई क्लीनिंग, वाशिंग मशीन, गैस चूल्हा एवं रेफ्रिजरेटर एवं ए.सी. रिपेयरिंग कार्य, च्वाईस सेंटर, ब्यूटी पार्लर, रिपेयरिंग कार्य, टेलरिंग कार्य आदि सेवा क्षेत्र से संबंधित कार्य इस योजना के अंतर्गत पात्र है।

एक आशियाना हुआ अपना...

# प्रधानमंत्री आवास योजना से फगुनी बाई को पक्का मकान मिलने पर जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन



फगुनी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद
महिला सशक्तिकरण की बनी अद्भुत राह
फगुनी को मिला मालिकाना हक, जीवन स्तर का हुआ उन्नयन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास मिलने से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक एवं आमूलचूल परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से जरूरतमंद परिवारों को न केवल अपना घर मिला है, बल्कि उन्हें सम्मान एवं सुरक्षा के साथ जीने के लिए एक माहौल मिला है।

जनसामान्य के जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना से महिलाओं के सशक्तिकरण की अद्भुत राह बनी है। जिससे पक्के घर पर उन्हें अपना मालिकाना हक मिला है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका की श्रीमती फगुनी बाई साहू के पक्के आवास का सपना साकार हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले कच्चे के घर में बहुत दिक्कत होती थी। आए दिन बंदर आ जाते थे और बारिश के दिनों में खपरे की छत होने के कारण परेशानी होती थी। नमी के कारण स्वास्थ्य भी खराब होता था और घर में कीचड़ हो जाता था। उन्होंने कहा कि अब पक्के का घर बन जाने से बहुत खुशी हो रही है। बहुत सी समस्या दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को मजबूत बना रही है। इस घर के बन जाने से उनका आत्मविश्वास एवं सम्मान बढ़ा है। उन्होंने पक्का घर बन जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बहुत धन्यवाद दिया।

श्रीमती फगुनी बाई साहू ने बताया कि उनका परिवार खेती-बाड़ी का कार्य करते हैं। सवा एकड़ भूमि है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए अपना पक्का घर नहीं बनवा पा रहे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब राशि मिली तो आवास बनाने के लिए हिम्मत मिली और हमारा घर बन गया है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में उनका बेटा सागर साहू, बहु एवं नाती हंसी-खुशी साथ रहते हैं। हमने अपने घर को खूब सजाया है। उन्होंने बताया कि उनका राशन कार्ड बना है और शासन की योजना के तहत 35 किलो चावल मिल रहा है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत सास एवं बहु दोनों को राशि प्राप्त हो रही है।

# खेल और शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को अग्रणी होना आवश्यक - विधायक



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र 77 खुज्जी के ग्राम जरहामहका विकासखंड छुरिया में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में विधायक खुज्जी भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर, संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं तथा शाला परिवार व ग्रामवासियों को शुभकामनायें दिए एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किए एवं खेल और शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को अग्रणी होना आवश्यक बताए।

इस कार्यक्रम के दौरान घनश्याम दास साहू सरपंच, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, चुम्मन साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, राजू सिन्हा कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, लादू राम तुमरेकी जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कमेटी, किशोर टेमरे, सरपंच, यसवंत सिन्हा, नीलकमल, खूबचंद साहू हेमलाल पंचारे, पतिराम साहू, कनस राम, संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का कृषि कॉलेज में आयोजन



**हरदी (दावा)। एस.के.एस. कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, सुरगी राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, मनकी के द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज के इंटर्न्स ने छात्रों का आयुर्वेदिक प्रकृति परीक्षण किया। इस परीक्षण के माध्यम से उनके वात, पित्त और कफ का विश्लेषण कर उनकी शारीरिक प्रकृति का निर्धारण किया गया और इसके आधार पर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एसकेएस कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की डीन श्रीमती जेएल गांगुली और सहायक प्राध्यापक शिवाजी लिमजे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी शारीरिक प्रकृति (वात, पित्त और कफ) के अनुरूप सही स्वास्थ्य जानकारी प्रदान कर, उन्हें आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

# कलेक्टर ने छात्र दुर्घटना बीमा राशि का चेक के माध्यम से किया वितरण



कलेक्टर ने छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत 08 प्रकरणों में परिजनों को सौंपी बीमा राशि

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत 08 प्रकरणों में बीमा दावा की 08 लाख रूपय की राशि को संबंधित परिजनों को प्रदान किया गया। जिसमें 08 प्रकरणों में संबंधित परिजनों ने एक-एक लाख रुपए बीमा राशि कलेक्टर द्वारा चेक के माध्यम से प्राप्त की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत एवं आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित छात्र-छात्राओं की दुर्घटना जनित मृत्यु होने पर उनके दावाकर्ताओं या अभिभावक को छात्र दुर्घटना बीमा योजना के राशि का भुगतान किया जाता है। बता दे की स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर छात्र दुर्घटना बीमा के तहत 1 लाख रुपए राशि प्रदान की जाती है।

# साय सरकार ने एक साल में कई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की - कृष्णा साहू



**राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व ग्राम पंचायत भेड़ीकला सरपंच कृष्णा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां सबके सामने हैं, जिसे हर नागरिक महसूस कर रहा है।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में भाजपा नीत छत्तीसगढ़ ने अपने पहले साल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की रिकॉर्ड खरीदी की जा रही है। 3716 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान किया गया।महतारी वंदन योजना में 70 लाख माताओं को 6530 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास निर्माण शुरू किया गया। 68 लाख परिवारों को 5 साल तक मुफ्त राशन प्रदान किया जा रहा है। लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन योजना में 5 वर्षों के एरियर्स का भुगतान किया गया।

श्री साहू ने आगे कहा कि जनजाति समाज के उत्थान के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 से 5500 बढ़ाया। जनजाति क्षेत्र में सड़क, रेल, और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया। राज्य में बस्तर पर्यटन कॉरिडोर और कानगिर घाटी के गांव धुड़मारस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया के 20 सबसे अच्छे पर्यटन गांवों में शामिल किया गया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में राज्य में पांच शक्तिपीठों के विकास और श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या की निःशुल्क यात्रा की शुरुआत की गई है। यह 1 साल छत्तीसगढ़ के विकास और कल्याण के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है।

# गोंडवाना समाज द्वारा गोंडवाना गवरा कलश का आयोजन




डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। ग्राम बोरतलाव में गोंडवाना गवरा कलश का आयोजन गोंडवाना गोंड समाज द्वारा किया गया। जिसमें सर्वप्रथम समाज प्रमुख द्वारा कलश यात्रा निकाल कर गली भ्रमण किया गया। उसके पश्चात् बरपारा बोरतलाव में स्थापित महारानी दुर्गावती पेनठाना के पास सभी कलश को एकत्रित कर भूमिका मदन लाल उइके व गांव के मातृशक्ति और पितृशक्ति के द्वारा पेन गोंगो किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का पीला चावल से स्वागत सम्मान किया गया व उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन किया जिसमें नरोत्तम कुंजाम ने गोंडवाना गवरा कलश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परम्परा की शुरुआत हमारे पेनवासी दादा हीरासिंह मरकाम का देन है जो छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के गांवों में स्वयं जाकर महिला मातृ शक्तियों का गठन कर गौरा कलश का एक स्थापना करने का काम किया, जो उन गौरा कलश के माध्यम से गोंडवाना बैंक खुला जिससे हमारे समाज में आर्थिक समृद्धि हो रही है।

चेम सिंह मरकाम ने दादा मरकाम की उद्देश्य को लेकर कहा कि एक मुठ्ठी चावल से हमारे समाज में अपने लोगों का पैसा से समाज में अब साहूकारों के पास नही जाना नहीं पढ़ रहा है। वही गोंडवाना गवारा कलश स्टार प्रचारक संतराम छेदेया ने अपने सुरीली आवाज में ईशर गौरा एवं सुवा गीत गाकर बताया कि हमारे संस्कृति में ये भी हमारे समाज को जगाने का एक अच्छा संदेश है जो आपको भी इस तरह संजोए हुए रखना है। और कहा कि दादा मरकाम ने जो संदेश दिया है। उसे हम सभी को साकार करना है।

इस बीच प्रमुख रूप से गोंडवाना गवरा कलश के प्रचारक तिरुमाल संतराम छेदैहा जिला अध्यक्ष गोंड समाज खैरागढ़, आर.के. परते डोंगरगढ़, संतोष मरकाम डोंगरगढ़, मनोज नेताम चौथना, सरिता ओमप्रकाश मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत बोरतलाव, नरोत्तम सिंह कुंजाम, मुड़ा अध्यक्ष गोंड समाज कलकसा, धर्मेश धुर्वे बछेराभाठा, मोती लाल सेवता नरसिंहपुर, बरमत बाई अरकरा लोहझरी, ओमकुमारी कुंजाम कलकसा, महेन्द्र सिंह नेताम खूबाटोला, रमेश मंडावी पनियाजोब, देवकी मरकाम दीवानटोला, जशवंत गावड़े बोरतलाव, ओमप्रकाश मंडावी बोरतलाव, दयाराम ताराम पनियाजोब, रोहित मंडावी खूबाटोला, मनोहर लाल पुसाम डोंगरगढ़ रुदन लाल उइके डोंगरगढ़, तिजऊ मंडावी डोंगरगढ़, जसवंत गावड़े, प्रकाश मंडावी, मीना धुर्वे, दुलारा कोराम, रामकुंवर उईके, पूर्णिमा नेताम, मीना मंडावी गोविन्द मंडावी, शिव कुमार, संतोष, देवानंद, किशोर, जीवराखन, सम्मिलित रहें। सभी अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात ग्राम बोरतलाव में गोंड समाज द्वारा गोंडवाना गवरा कलश अन्न बचत बैंक खोला गया, जिसमें 2452 से प्रारंभ किए और इस अन्न बचत बैंक को निरन्तर गतिमान रखने के लिए सगा समाज द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया।

शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर तथा मितानिन सम्मेलन का हुआ आयोजन

○ शिविर में 2017 नागरिकों का बीपी, शुगर, सिकलसेल एवं अन्य स्वास्थ्य जांच की गई
○ रक्तदान शिविर में युवाओं एवं स्टॉफ ने किया रक्तदान

राजनांदगांव (दावा)। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में छुरिया विकासखंड में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर तथा मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, संजय सिन्हा, तेजराम साहू, धन्नाराम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नेतराम नवरत्न ने बताया कि शिविर में 2017 नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया तथा जिला चिकित्सालक एवं मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार करते हुए काउंसलिंग की गई। रक्तदान शिविर में 19 युवाओं एवं स्टॉफ द्वारा रक्तदान किया गया। मितानिन सम्मेलन में 463 मितानिनों, 24 मितानिन प्रशिक्षक तथा जिला व विकासखण्ड मितानित समन्वयक शामिल हुए। सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिनों और प्रशिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से बीपी, शुगर, सिकलसेल की जांच की गई। स्त्रीरोग, शिशुरोग, मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, परिवार कल्याण, अस्थि रोग, चर्मरोग, सामान्य सर्जरी, मनोरोग, आयुष्मान वयवंदन कार्ड निर्माण तथा आयुष्मान भारत पंजीयन, गैर संचारी रोग अंतर्गत ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, तम्बाकू एवं नशामुक्ति, वयोवृद्ध जांच उपचार कर आवश्यक सलाह दी गई। आयुर्वेद विभाग द्वारा स्टाल लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई।

# भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा 20 तक, तीन-तीन नामों के पैनल बनाये गये



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इसके तहत जिले के सभी 15 मंडल अध्यक्षों का चयन किए जाने हैं। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष व शहर के उत्तर व दक्षिण ब्लाक के अध्यक्षों का चुनाव किया जाना है। 15 दिसंबर को मंडल अध्यक्ष पदों के दावेदारों के नामों के लिफाफे खोले जाने थे। उसके बाद योग्य नामों पर मंथन कर नाम घोषणा होनी थी। लेकिन जानने में आ रहा है कि चयनित किए गए नामों घोषणा अब 20 दिसंबर तक की जाएगी।

सूत्रों की मानें तो जिला भाजपा के निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े नेताओं द्वारा मंडल अध्यक्षों के लिए मिले नामों की छंटनी कर ली गई है। अब उक्त नामों पर संभागीय स्तर की बैठक में औपचारिक चर्चा के बाद घोषणा की जाएगी। बताते चलें कि इसमें शहर भाजपा के उत्तर व दक्षिण ब्लाक के अध्यक्ष के भी दावेदार हैं जिनके तय किए गए नाम की भी घोषणा हो सकती है।

### गोपनीय तरीके से जारी संगठन चुनाव प्रक्रिया

बता दें कि भाजपा के संगठन चुनाव की प्रक्रिया एकदम गोपनीय तरीके से की जा रही है। जिले के 15 मंडल अध्यक्षों सहित शहर भाजपा के दोनों उत्तर/दक्षिण मंडल अध्यक्षों के नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। बस नाम की घोषणा होना बाकी है। यह 20 दिसंबर तक हो जाएगा। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाना है। मंडल अध्यक्षों के चयन के बीच जिलाध्यक्षों के लिए भी दावेदारों ने दौड़ लगानी शुरू कर दी गई। आयु सीमा अधिकतम 60 वर्ष कर देने से कारण मंडल के पदाधिकारी अब जिला की दौड़ में लग गए हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए दावेदारों की लंबी सूची है। इसमें पूर्व मंडी उपाध्यक्ष तथा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मोतीपुर के पूर्व पार्षद व युवा भाजपा नेता दीपक चौहान, जिला भाजपा महामंत्री लीलाधर साहू, आलोक बिंदल, सौरभ कोठारी, सावन वर्मा, शिव वर्मा, तरुण लहरवानी व नए उभरे नामों में सफल उद्यमी व समाजसेवी राजा माखीजा के नाम प्रमुखता से शामिल हैं। बताते चलें कि शहर व जिले का मामला है इसलिए जिला भाजपा अध्यक्ष बनने के लिए स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की नजरें इनायत जरूरी है। इस हिसाब से देखा जाए तो कोमल सिंह राजपूत का पलड़ा भारी नजर आता है। जिला भाजपा महामंत्री लीलाधर साहू भी दो बार मंडल अध्यक्ष, साहू समाज का प्रतिनिधित्व करते है। ग्रामीण अंचल में अच्छी पकड़ रखते है।

**संभागीय बैठक में औपचारिक चर्चा कर की जाएगी नामों की घोषणा**

इसी तरह पूर्व पार्षद दीपक चौहान की पार्टी के प्रति निष्ठा व संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए किए गए कार्य व उनके साथ रहने वाली युवाओं की फौज भी उसे कमतर नहीं बना रहा। इसी तरह सिंधी समाज से आने वाले नामों से तरुण लहरवानी व राजा माखीजा दावेदारी की हैं।

### रायशुमारी के बाद बने तीन-तीन नामों के पैनल

बता दें कि बेहद गोपनीयता के साथ की जा रही संगठन चुनाव की प्रक्रिया में जिला भाजपा के साथ संगठन के मंडल व जिला निर्वाचन अधिकारी बेहद सतर्कता के साथ दावेदारों के आए नामों पर मंथन कर रहे हैं। यही वजह है कि 15 दिसंबर तक घोषित होने वाली मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा नहीं की जा सकी है।

हालांकि बताया जा रहा है कि दावेदारों के नामों पर जिला भाजपा के रायशुमारी के बाद नए सिरे से पैनल तैयार कर लिया गया है और तीन-तीन नामों के पैनल में प्राथमिकता के साथ नामों का क्रम तय कर दी गई है यानि जिले से सभी मंडल अध्यक्षों का नाम एक तरह से फायनल कर लिया गया है। मात्र नामों की औपचारिक घोषणा भर बांकी है।

> पैनल बनाकर लिफाफा प्रदेश संगठन को भेजा जा चुका है। संभागीय बैठक में औपचारिक चर्चा के बाद नामों की घोषणा कर दी जाएगी।
>
> **दिनेश गांधी**
> **जिला संगठन निर्वाचन अधिकारी**

# विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

**विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल**



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 18 दिसम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 18 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे से दोपहर 2.45 बजे तक राजनांदगांव शहर के पेण्ड्री में गुरूघासी दास जयंती सतनाम भवन का लोकार्पण कार्यक्रम एवं शाम 4.15 बजे शाम 4.30 बजे राजनांदगांव शहर के नंदई चौक में गुरूघासी दास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम 4.40 बजे से शाम 5.10 बजे तक राजनांदगांव शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.20 बजे स्पीकर हाऊस पहुंचेंगे तथा समय आरक्षित रहेंगा। वे शाम 6 बजे स्पीकर हाऊस से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सुरेंद्र ओझा बने राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी सोसायटी के निर्विरोध अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति का चुनाव किया गया। उनके द्वारा सोसायटी के अध्यक्ष सहित मंडल व अन्य पदाधिकारियों सहित सहकारी सोसायटी के प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया, जिसमें सुरेंद्र ओझा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए, वहीं उपाध्यक्ष पद पर गंभीरमल जैन बने हैं। सोसायटी के निर्वाचन अधिकारी एस.एन. चकलाधर थे। समिति के संचालक मंडल में दीपक तिवारी, चित्रभान राव, कृष्ण लाल ग्वाल, बरातुराम सोनकलिहारी, श्रीमती पुष्पादेवी सिंह, श्रीमती भावना साव, श्रीमती कमला टेभरे चुने गए हैं। इसी तरह सोसायटी के प्रतिनिधियों में गणेश बिहारी वर्मा जिला सहकारी संघ के एवं दीपक तिवारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रतिनिधि चुने गए हैं। कालौनी के लोगों ने सुरेंद्र ओझा को निर्विरोध निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**प्लॉट बेचना है**
**राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट**
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
– : संपर्क :–
62641–56342

# भाजपा शासनकाल में कानून व्यवस्था चरमराई, छ.ग. बना अपराध का गढ़ - भागवत साहू

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में आज आयोजित प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अध्यक्ष भागवत साहू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गारंटी जहां फेल हुई है। वहीं राज्य भी अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनहित के हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है। डबल इंजन की सरकारों ने जनता से विश्वास घात ही किया है।

श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न मना रही है जो कि प्रदेश की जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ मात्र है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप, चोरी, डकैती, लूट, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी, अवैध कारोबार एवं बलात्कार प्रौसी अपराधिक गतिविधियां बढ़ी है। जनहित के मुद्दों पर प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार के एक वर्ष के असफल कार्यकाल से बेहाल छत्तीसगढ़ की स्थिति को आम जनत्ता तक पहुंचाने के उद्देश्य से 13 से 17 दिसंबर तक चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत की है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है, आए दिन हत्या, लूट, डकैती, गैंगवार, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़ आ गयी है।



कलेक्टर, एसपी कार्यालय तक जलाए जा रहे है। भयमुक्त वातावरण देने में यह सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। जनता का आक्रोश चरम पर है, भीड़ अधिकारियों को दौड़ाने लगी। मोदी की गारंटी हुई फेल, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा था, उल्टे विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, संविदा कर्मचारी नौकरी से निकाले जा रहे है। एक लाख पदों पर नियमित सरकारी भर्ती का वादा जुमला निकला। शिक्षकों के 33000 पदों पर सीधी भर्ती को बाधित कर दिया गया है। भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता का वादा झूठा, इंस्पेक्टर भर्ती में बिना अंक सूची जारी किए भर्ती सूची जारी, पीएससी परीक्षा में इंटरव्यू में दिए गए अंकों को लेकर सवाल। किसानों के साथ यादा खिलाफी की गई, 21 क्विंटल प्रत्ति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। अधिकतम खरीदी 20 क्विंटल 40 किलो, फर्जी अनावरी रिपोर्ट जारी कर किसानों से तगी की जा रही है। टोकन, बारदाना से लेकर तौलाई में गड़बड़ की शिकायत पूरे प्रदेश में है। 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किसी को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में धान खरीदी का नगद भुगतान केन्द्र खोलने का वादा भी जुमला निकला। पिछले खरीफ सीजन के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त हड़प लिए।

**कांग्रेस की प्रेसवार्ता**

बलौदा बाजार मामले में सतनामी समाज के सैकड़ों निर्दोष युवा दुर्भावनापूर्वक जेल भेज दिए गए, लोहारीडीह मामले में बिना जांघ के साहू समाज के सैकड़ों लोगों की हत्या के आरोप में जेल भेज दिए। राजधानी के निकट आरंग में माबलिंचिंग करके तीन-तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। पुलिस अभिरक्षा में लगातार मौते हो रही है, लोहारीडीह में प्रशांत साहू फिर कोरबा, बलरामपुर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी गुरुचंद मंडल की पुलिस पिटाई से मौत। गौठान बंद कर दिए गए हैं, गोवंश पशु सड़कों पर बेमौत मरने मजबूर है। राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है, चारा पानी के अभाव में गाएं दम तोड रही है। 02 लाख से अधिक महिलाएं जो गौठानों के माध्यम से अपनी आजीविका कमा रही थी उनके रोजगार को छीनने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। गाइडलाइन चरों में 30 प्रतिशत की छूट खत्म कर दी गई, रजिस्ट्री दरें बढ़ा दी गई। पिछले 01 साल के दौरान बिजली के दरों में चार-चार बार वृद्धि की गई घोषित तौर पर बिजली कटौती जारी है। पिछले एक साल के दौरान रेत के दाम लगभग 6 गुना बढ़ चुसे हैं, सीमेंट के दाम तीन बार बढ़ाए गए। भाजपा सरकार का संरक्षण तस्करों, जमाखोरों और बिचौलियों को है। स्वास्थ्य सेवा बदहाल है, 108 का टेंडर तक नहीं करचा पाए, आयुष्मान कार्ड का 1500 करोड़ से अधिक का भुगतान बकाया है। सरकारी अस्पतालों में जांच, इलाज और दवाओं की उपलब्धता नहीं है। स्कूली बच्चों की किताबें रद्दी में बेची जा रही है, शिक्षकों का अभाव है, बच्चों को चनकाया जा रहा है, रेडी-टू-इट का भुगतान बंद है। इस सरकार में हर वर्ग पीड़ित है। आरक्षण विधयेक विगत 02 वर्षों से राजभवन में लंबित है। उक्त पत्रकारवार्ता में मुख्य रूप से भागवत साहू के साथ पदम सिंह कोठारी, हेमा सुदेश देशमुख, सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर पाटिला, मनीष साहू, राजू खान आदि उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com